RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 142 | जयपुर, गुरूवाड़ा, चित्तौड़गढ़ शनिवार, 21 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

संक्षिप्त समाचार

योगी आदित्यनाथ की मां का निधन

देहरादून (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 91 साल की थीं। सावित्री देवी लंबे समय से बीमार चल रही थीं।



पौड़ी गढ़वाल ने पंचूर गांव में सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। उस वक्त घर में योगी के भाई महेंद्र और उनका परिवार मौजूद था। योगी आदित्यनाथ करीब 4 बजे तक पंचूर गांव पहुंच सकते हैं। एसएसपी सर्वेश पवार ने बताया कि आज ऋषिकेश के संपूर्णानंद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जा सकता है। जिस वक्त सावित्री देवी का विधन हुआ उस वक्त योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में सशक्त युवा, समृद्ध उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राजस्थान में 6 डिग्री, मप्र में पारा 7 डिग्री पहुंचा

नई दिल्ली/लखनऊ/भोपाल/जयपुर/पटना (एजेंसी)। पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके असर से मैदानी राज्यों में भी कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है।

राजस्थान के फतेहपुर में पारा 5.7 डिग्री दर्ज किया गया। एमपी में कटनी सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 7



डिग्री तक पहुंच गया। राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा। ठंड के साथ ही कोहरे की भी शुरुआत हो गई है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सुबह घना कोहरा छाया है। इधर चक्रवाती तूफान अकवान का असर देश के कई राज्यों में दिख रहा है। इसके चलते बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

गुड न्यूज | भोपाल में आईसीएआर संस्थान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने

बर्ड फ्लू से बचाव के लिए लॉन्च की पहली स्वदेशी वैक्सीन

नई दिल्ली (एजेंसी)। *भारत ने मुर्गियों को बर्ड फ्लू से बचाने के लिए पहली स्वदेशी एच5एन1 वैक्सीन विकसित की है। भोपाल स्थित आईसीएआर संस्थान ने इसे तैयार किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लॉन्च किया। वैक्सीन बर्ड फ्लू के खतरनाक वायरस के एक खास प्रकार के खिलाफ बनाई गई है।*

हाल के वर्षों में बर्ड फ्लू की दुनियाभर में खूब चर्चा रही है, इससे कई स्थानों से मौत की खबरें भी सामने आई थीं। वैसे तो बर्ड फ्लू को मुर्गियों से फैलने वाली बीमारी माना जाता रहा है। यह बीमारी इतनी गंभीर हो सकती है कि संक्रमित पक्षियों में मौत का आंकड़ा लगभग 100 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। ऐसे में मुर्गियों को इस जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश में पहली बार एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस के स्ट्रेन के खिलाफ स्वदेशी वैक्सीन तैयार की गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में इस वैक्सीन को लॉन्च किया।



यह वैक्सीन भारत की आत्मनिर्भरता का उदाहरण : शिवराज



यह वैक्सीन न सिर्फ भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता को दिखाती है, बल्कि पोल्ट्री क्षेत्र को बर्ड फ्लू जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में भी अहम कदम मानी जा रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को भोपाल में मुर्गियों को बर्ड फ्लू से बचाने के लिए देश में विकसित पहली स्वदेशी एच5एन1 वैक्सीन लॉन्च की। कार्यक्रम में वैक्सीन लॉन्च करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, यह वैक्सीन भारत की आत्मनिर्भरता का उदाहरण है।

इस वैक्सीन को भोपाल स्थित आईसीएआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज (राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान) ने विकसित किया है। यह संस्थान पशुओं और पक्षियों में फैलने वाली गंभीर संक्रामक बीमारियों पर रिसर्च करता है।

यह भारत में पहली ऐसी वैक्सीन है, जिसे बेहद खतरनाक एवियन इन्फ्लूएंजा के एच5एन1 वायरस के क्लेड 2.3.2.1ए प्रकार के खिलाफ तैयार किया गया है।

क्लेड का मतलब वायरस का एक खास समूह या प्रकार है, जिसकी आनुवंशिक बनावट दूसरे प्रकारों से कुछ अलग हो सकती है।

हाइली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई) को आम भाषा में बर्ड फ्लू कहा जाता है। यह मुर्गियों और दूसरी पक्षियों को प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है। इस बीमारी के फैलने पर संक्रमित पक्षियों में लगभग 100 प्रतिशत तक मौतें हो सकती हैं। हाल के दिनों में इंसानों में भी बर्ड फ्लू का खतरा देखा गया है।

● 25 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

पीएम ने दिल्ली में पहले एससीओ फोरम का उद्घाटन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी ने शुक्रवार शाम दिल्ली के पुराना किला में पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम 20 से 22 नवंबर तक चलेगा।

इसका आयोजन संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर कर रहे हैं।

इस फोरम में ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पाकिस्तान का कोई मंत्री भारत पहुंचा। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मसूद मलिक इसमें शामिल हुए। वे पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस फोरम में चीन, ईरान सहित 25 देश शामिल हुए हैं। फोरम का उद्देश्य सदस्य देशों की साझा सभ्यता और संस्कृति को सामने लाना और उनके बीच आपसी बातचीत को बढ़ावा देना है।

चीन, ईरान सहित कई देश फोरम में शामिल

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 13 नवंबर को बताया था कि भारत ने 25 देशों को निमंत्रण भेजा है। इनमें चीन, कजाकिस्तान, ईरान, किर्गिज रिपब्लिक, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, अजरबैजान, आर्मेनिया, बहरीन, नेपाल, सऊदी अरब, कंबोडिया, तुर्किये और श्रीलंका शामिल हैं।

पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर शेखावत ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान भी आएगा। उनके मुताबिक, दोनों देशों की संस्कृति और सभ्यता का विकास साथ-साथ हुआ है। 1947 के बंटवारे के बाद दोनों देश अलग हुए, लेकिन उनकी साझा विरासत में अंतर नहीं है। शेखावत ने कहा था कि भारत चाहता है कि SCO केवल राजनीति और अर्थव्यवस्था तक सीमित न रहे, बल्कि साझा सभ्यता और मानवीय मूल्यों पर बातचीत का मंच भी बने। इससे देशों और उनके लोगों के बीच बेहतर संबंध और आपसी समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

सोना एक साल में सबसे सस्ता

1.23 लाख पर आया, 6 हजार दाम घटे; चांदी के दाम भी 10 हजार गिरे

नईदिल्ली (एजेंसी)। सोना-चांदी में लगातार गिरावट जारी है। आईबीजेए के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,947 रुपए सस्ता होकर 1.23 लाख रुपए पर आ गया। इस गिरावट के बाद सोना करीब एक साल पुराने स्तर पर पहुंच गया है। पिछले साल 24 नवंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,23,308 रुपए था। इसके बाद सालभर तक इसके भाव ज्यादा बने रहे। इधर, चांदी के भाव में भी शुक्रवार को 9,789 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद चांदी 1.50 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और ऊंचे स्तरों पर मुनाफा वसूली के चलते सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।



जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थलों की लिस्ट से हटाने पर सुनवाई

● सुप्रीम कोर्ट बोला- दावों की पुष्टि के लिए हलफनामा दें

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने से जुड़ी याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाकर्ता की लिखित दलीलों में शामिल तथ्यों पर सवाल उठाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि जो भी दावे हैं, उनकी पुष्टि हलफनामे के जरिए होनी चाहिए, ताकि कोई व्यक्ति उनकी जिम्मेदारी ले सके।

वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि दलीलों में विवादित तथ्यों के बजाय कानूनी



प्रावधानों और तर्कों का जिक्र है। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हलफनामे के बिना तथ्यात्मक दावों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता को जवाबी दलील दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई टाल दी गई।

- **चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कानून पर सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार**-मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में 23 सितंबर के खंडित फैसले को वापस लेने की मांग की गई थी। इस मामले को पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेजा गया था।
- **कावेरी पानी विवाद पर तमिलनाडु की सुप्रीम कोर्ट की 2 याचिकाएं खारिज** - सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कावेरी पानी विवाद से जुड़ी तमिलनाडु सरकार की दो अर्जियां खारिज कर दीं। राज्य ने कर्नाटक को करीब 11 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी छोड़ने का निर्देश देने की मांग की थी।

जयराम रमेश बोले-

पीएम मोदी को एहसास हो गया है कि वे जल्द आउटगोइंग पीएम होंगे

नईदिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी का उद्योगपतियों पर हमला दिखाता है कि वे परेशान और निराश हैं। उन्हें जल्द ही प्रधानमंत्री पद



छोड़ने का एहसास हो गया है, इसलिए वे अपनी सरकार की नीतियों की कमियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहे हैं।

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 12 साल में महंगाई पर काबू नहीं पाया गया, रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं बने और निजी निवेश की रफ्तार धीमी रही। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार की नीतियों से छोटे कारोबार प्रभावित हुए हैं और आर्थिक ताकत कुछ बड़े उद्योगपतियों के हाथों में सिमट गई है। ये सभी कांग्रेस के आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने एफआईसीसीआई कार्यक्रम में उद्योगपतियों को रोजगार और कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाने की सलाह दी थी।

आंध्र प्रदेश-ओडिशा के तट से टकराया चक्रवात अकवान

● 90 किमी की रफ्तार से हवाएं चल रहीं; ओडिशा-आंध्र में भारी बारिश, 4 लाख लोग शिफ्ट

भुवनेश्वर/विशाखापट्टनम (एजेंसी)। चक्रवाती तूफान अकवान शुक्रवार सुबह करीब 7.30 से 8.30 बजे के बीच आंध्र प्रदेश और ओडिशा के बीच गोपालपुर तट से टकराया। इस दौरान हवा की रफ्तार 70 से 90 किमी चल रही। तूफान का तट से टकराना अभी भी जारी है। तूफान के असर से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश हो रही है। ओडिशा में करीब 4 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। इनके लिए 9,341 राहत शिविर बनाए गए हैं। साथ ही 423 रेस्क्यू टीमें तैनात की गई हैं।

तूफान के चलते पूर्वी रेलवे ने 41 और दक्षिण पूर्व रेलवे ने 28 एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी हैं। वहीं, 29 ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है।



तूफान का असर 10 राज्यों में पड़ सकता है। तमिलनाडु, पुडुचेरी के अलावा मध्य प्रदेश और झारखंड में भी मौसम बदल सकता है और बारिश हो सकती है।

हरकत | पाकिस्तान ने भारत के 36 राफेल की जगह 32 छापने के लिए ब्रिटिश पब्लिकेशन को दी थी मोटी रकम

रक्षा एक्सपर्ट बोले-घटिया हरकत, फ्लाइटग्लोबल को दिए गए थे पैसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटिश एविएशन पब्लिकेशन 'फ्लाइटग्लोबल' ने अपनी 'वर्ल्ड एयर फोर्सेज डायरेक्टरी 2027' में ये दावा किया है कि भारतीय वायु सेना द्वारा खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों में से 32 अभी सक्रिय हैं। हकीकत ये है कि भारत के पास अब भी 36 एक्टिव राफेल हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वाइस एयर चीफ रहे एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने पूरी तरह से गलत करार दिया है।

ये वही राफेल हैं, जिन्होंने मई, 2025 के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। उसी वक्त से पाकिस्तान राफेल से चिढ़ा हुआ है और जब-तब इसके खिलाफ प्रोपेगंडा वाली खबरें छपवाता रहा है।



पूर्व वाइस एयरचीफ बोले-पूरी तरह से गलत

फ्लाइटग्लोबल की रिपोर्ट में भारतीय वायु सेना के पास 4 राफेल जेट की संख्या कम होने के पीछे कोई स्पष्टीकरण या सबूत नहीं दिया गया है। इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वाइस एयर चीफ रहे एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी (रिटायर्ड) ने इन आंकड़ों को पूरी तरह से गलत बताया और इस एविएशन मैगजीन के स्रोतों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के कुछ महीनों बाद प्रकाशित अपनी पिछले साल की रिपोर्ट में भी, फ्लाइटग्लोबल ने 35 सक्रिय राफेल विमानों का जिक्र किया था।

पिछली बार भी राफेल की संख्या 35 बताई गई थी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद नवंबर 2025 में प्रकाशित फ्लाइटग्लोबल की इस डायरेक्टरी के पिछले संस्करण में भारत के बेड़े में मौजूद इन फ्रांसीसी निर्मित राफेल विमानों की संख्या 35 बताई गई थी। हालांकि, द हिंदू को रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने इस आकलन की प्रमाणिकता पर सवाल उठाया है और कहा कि यह जानकारी मंत्रालय की ओर से नहीं दी गई थी। राफेल सौदे को लेकर भारत आगे बढ़ रहा है और IAF प्रमुख फ्रांस में बातचीत कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि डायरेक्टरी में छपे आंकड़े आईएएफ की ओर से नहीं आए हैं। वहीं, डिफेंस एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) जेएस सोढ़ी ने कहा है कि यह इस्लामाबाद की भारत को बदनाम करने की साजिश है।

24 यात्रियों से भरी मिनी बस 100 फुट गहरी खाई में गिरी

3 की मौत, 16 घायल

डिंडीगुल (एजेंसी)। तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में कोडईकनाल-पलानी पहाड़ी सड़क पर गुरुवार रात को सावरिकडू के पास 24 यात्रियों को ले जा रही एक 407 मिनी बस के 100 फुट गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए।

सभी घायलों को डिंडीगुल में मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को आगे के इलाज के लिए कोयंबटूर रेफर किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

'कुछ लोगों की जगह कोई नहीं ले सकता' : जेनसन के मुरीद हुए डोनाल्ड ट्रंप, जमकर की तारीफ

शेनझेन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के लिए जासूसी के विवाद में घिरे एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसन हुआंग का समर्थन किया है। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अपने प्रतिभाशाली लोगों का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह बेहद प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं। हमें अपनी प्रतिभाओं का ख्याल रखना चाहिए। ऐसे लोग बहुत ज्यादा नहीं हैं। राष्ट्रपति का यह समर्थन ऐसे समय में आया है, जब एनवीडिया का बोर्ड हुआंग की कंपनी में वापसी की संभावनाओं को खारिज कर चुका है। फॉक्स न्यूज से बातचीत में ट्रंप ने चीनी कारोबारी महिला एलिस हुआंग को 'खूबसूरत महिला' बताया और कहा कि वह जासूस नहीं, बल्कि चिप खरीदने वाली एक कारोबारी हैं। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत को लेकर ट्रंप ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) था। जेनसन के मुद्दे पर ट्रंप ने कहा, 'हमने इस बारे में चर्चा नहीं की। हो सकता है मैंने इसका जिक्र बहुत संक्षेप में किया हो, क्योंकि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। यह एक त्रासदी है। वह बेहद प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं। हमें अपनी प्रतिभाओं का ख्याल रखना चाहिए। ऐसे लोग बहुत ज्यादा नहीं हैं।

ट्रंप-पुतिन का भव्य स्वागत, जापानी पीएम को ठंडा रिस्पॉन्स! एपेक में चीन का कूटनीतिक संदेश

बीजिंग , एजेंसी। चीन के शेनझेन में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहुंचे। इनका भव्य स्वागत किया गया वहीं जापान की पीएम सनाए ताकाइची के प्रति रिस्पॉन्स बेहद ठंडा दिखा। ग्लोबल मीडिया में ये चर्चा का विषय है। चीन के इस कूटनीतिक व्यवहार को जापान के साथ ताइवान को लेकर जारी तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। एपेक सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे विभिन्न देशों के नेताओं का सैन्य बैंड, फूलों के गुलदस्तों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया तो जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची को अपेक्षाकृत कम तवज्जो मिली। द गार्जियन की रिपोर्ट में इसका जिक्र किया गया है। ताकाइची जब शेनझेन बाओआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचीं तो उनके स्वागत के लिए चीन की पूर्व राजदूत झांग कियुए मौजूद थीं। उनके साथ सीमित संख्या में गार्ड ऑफ ऑनर के जवान थे। इसके विपरीत, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद हवाई अड्डे पहुंचे। ट्रंप के स्वागत में सैन्य सम्मान, बच्चों और बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी भी रही। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत शी जिनपिंग के करीबी वरिष्ठ कम्युनिस्ट पार्टी नेता काई छी ने किया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को भी भव्य स्वागत मिला। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, चीन और जापान के बीच मौजूदा तनाव की प्रमुख वजह ताइवान को लेकर ताकाइची का बयान है।

चीन: डोनाल्ड ट्रंप से मिले मार्क कार्नी, कनाडाई पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापार समझौते पर की चर्चा

शेनझेन, एजेंसी। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। यह मुलाकात चीन के शेनझेन में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के इतर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर चर्चा की। कार्नी ने कहा कि वे काम जारी रखने पर सहमत हुए हैं। कार्नी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने शेनझेन में राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बैठक में एक ऐसे व्यापार समझौते पर बात हुई। यह समझौता अच्छे रोजगार पैदा करेगा और सामर्थ्य को बढ़ावा देगा। साथ ही यह कनाडा की भाषाओं, संस्कृति और संप्रभुता का सम्मान करेगा। कार्नी ने यह भी बताया कि दोनों नेता संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने बातचीत जारी रखने की बात कही। यह बैठक दोनों पड़ोसी देशों के बीच चल रहे व्यापार तनाव के बीच हुई। अक्तूबर 24 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि कनाडा ने व्यापार असंतुलन के जरिये अमेरिका का वर्षों से फायदा उठाया है। ट्रंप ने दावा किया कि कनाडा अमेरिका की कीमत पर भारी लाभ कमा रहा है। उन्होंने कहा कि कनाडा वर्षों से अमेरिका से 90 अरब डॉलर प्रति वर्ष का लाभ कमा रहा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे एक ऐसे समझौते के करीब हैं जो अमेरिका के लिए दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित करेगा।

वेनेजुएला और अमेरिका के बीच सैन्य समझौता: हेगसेथ बोले- प्रशिक्षण से लेकर खुफिया जानकारी तक करेंगे साझा

कराकास, एजेंसी। अमेरिका और वेनेजुएला ने अपने सैन्य संबंधों को दोबारा स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को वेनेजुएला की राजधानी कराकस में इसकी जानकारी दी। समझौते के तहत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण से लेकर खुफिया जानकारी साझा करने तक सहयोग बढ़ाएंगे।

हेगसेथ ने कहा कि जनवरी में अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार किए जाने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आया है। उनके मुताबिक, वेनेजुएला अब अमेरिका के लिए क्षेत्रीय सुरक्षा खतरे के बजाय सहयोगी बन गया है।

उन्होंने कहा कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ करीबी सहयोग से वेनेजुएला को स्थिर करने और नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में मदद मिली है। हालांकि, पेंटागन ने नए सैन्य समझौते की शर्तों और उसके दायरे को लेकर तत्काल कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी।

अंतरिम राष्ट्रपति ने भी सैन्य सहयोग का किया समर्थन : वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने भी दोनों देशों के बीच सैन्य साझेदारी मजबूत करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि तकनीकी और सैन्य सहयोग को उच्चतम स्तर तक ले



जाया जाए, ताकि साझा खतरों से निपटा जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन जनवरी में मादुरो को सत्ता से हटाए जाने के बाद से वेनेजुएला में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। हेगसेथ इस साल वेनेजुएला का दौरा करने वाले ट्रंप प्रशासन के मंत्रिमंडल के नवीनतम सदस्य हैं। इससे पहले गृह और ऊर्जा मंत्री भी वहां जा चुके हैं। इन दौरों का मुख्य उद्देश्य वेनेजुएला के तेल भंडार और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों तक अमेरिकी पहुंच बढ़ाना रहा है। ट्रंप ने अगस्त में कहा था कि हेगसेथ ने अमेरिका को वेनेजुएला के कुछ तेल भंडारों का नियंत्रण दिलाने वाले व्यापक समझौते में अहम भूमिका निभाई थी।

अमेरिकी सैन्य कमांडर भी कर चुके हैं बैठक : अमेरिकी दक्षिणी कमान के प्रमुख जनरल फ्रांसिस डोनोवन भी इस साल वेनेजुएला के अंतरिम अधिकारियों से कम से कम दो बार मुलाकात कर चुके हैं। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी सेना ने पश्चिमी गोलार्ध में अपनी गतिविधियां बढ़ाई हैं। ट्रंप ने लैटिन अमेरिकी ड्रग कार्टेल के खिलाफ कार्रवाई को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने और ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों पर लगाम लगाने के लिए अमेरिकी सेना कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में संदिग्ध तस्करी वाली नौकाओं को निशाना बना रही है। सितंबर 2025 से शुरू हुई इन कार्रवाइयों में कम से कम 240 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से इन नौकाओं में नशीले पदार्थ होने के दावों के समर्थन में बहुत कम सबूत जारी किए हैं।

वेनेजुएला में नेतृत्व को लेकर अनिश्चितता : हेगसेथ का दौरा ऐसे समय हुआ है, जब वेनेजुएला में आने वाले महीनों और वर्षों में देश का नेतृत्व कौन करेगा, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद उनकी सहयोगी डेल्सी रोड्रिगेज ने अंतरिम राष्ट्रपति की जिम्मेदारी संभाली थी। उनका अदालत से मिली अनुमति के तहत कार्यकाल जुलाई में समाप्त हो गया था, लेकिन इसके बावजूद वह देश की प्रमुख बनी हुई हैं। विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो भी निर्वासन के बाद हाल ही में वेनेजुएला लौट आई हैं। विपक्षी कार्यकर्ताओं का दावा है कि इससे पहले उनकी वापसी की सात कोशिशें सरकार ने नाकाम कर दी थीं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि मचाडो की सुरक्षित वापसी अमेरिका के समर्थन से हुई सुलह वार्ता का नतीजा थी। उन्होंने इसे पिछले तीन दशकों में वेनेजुएला में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तथा स्थायी लोकतंत्र की दिशा में सबसे अच्छा अवसर बताया।

तेल समझौते को लेकर ट्रंप प्रशासन का दावा : वेनेजुएला में अगले राष्ट्रपति चुनाव की तारीख घोषित नहीं होने से लोगों के बीच ट्रंप प्रशासन को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया है। मादुरो के सत्ता से हटने पर कई लोग राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि व्हाइट हाउस ने लोकतांत्रिक सुधारों के बजाय तेल उद्योग को फिर से शुरू करने को प्राथमिकता देकर देश में वास्तविक बदलाव की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि रोड्रिगेज सरकार के साथ हुए ऊर्जा समझौते के तहत वेनेजुएला के तेल की बिक्री से मिली 12 अरब डॉलर से अधिक की रकम, यानी करीब 99 प्रतिशत राजस्व, वापस वेनेजुएला को दिया जा चुका है। यह जानकारी इसी महीने जारी एक रिपोर्ट में दी गई है।

अंटार्कटिका में इंसानी गतिविधियों से दुर्लभ सूक्ष्मजीवों को खतरा, नए Study में खुलासा

हैमिल्टन , एजेंसी। जंगलों और प्राकृतिक क्षेत्रों में घूमने जाने वाले लोगों को आमतौर पर सलाह दी जाती है कि वे वहां केवल अपने पैरों के निशान छोड़कर आएं। हालांकि, एक नए अध्ययन में सामने आया है कि अंटार्कटिका में पैरों के निशान भी दुर्लभ पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनमें ऐसे बदलाव ला सकते हैं, जिनकी भरपाई संभव नहीं है। अंटार्कटिका में दुनिया के कुछ सबसे दुर्लभ और महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद हैं। इनमें मैकमुर्डो ड्राई वैलीज की विशाल बर्फ-मुक्त भूमि की स्थायी रूप से जमी मिट्टी भी शामिल है। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क रेगिस्तानी क्षेत्रों में से एक है। कठोर जलवायु परिस्थितियों के बावजूद यहां बर्फ से जमी मिट्टी की परतों में विशिष्ट सूक्ष्मजीव समुदाय और नेमेटोड, टार्डिग्रेड तथा रोटिफर जैसे छोटे अकशेरुकी जीव पाए जाते हैं। ये जीव रेत के कणों के आसपास मौजूद पानी की बेहद पतली परतों में जीवित रहते हैं। अंटार्कटिका के पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाता है।

इसके तहत वहां जाने से पहले जूतों और अन्य उपकरणों की व्यापक जांच, सफाई और संक्रमणमुक्त करने के नियम लागू हैं। हालांकि, इन नियमों का मुख्य उद्देश्य बाहरी आक्रामक प्रजातियों को अंटार्कटिका में पहुंचने और फैलने से रोकना है। नए अध्ययन में इस बात की जांच की गई कि क्या इंसान अनजाने में स्थानीय सूक्ष्मजीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाकर वहां के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव का खतरा अंटार्कटिका में अन्य महाद्वीपों की तुलना में बाहरी प्रजातियों की संख्या कम है, लेकिन वहां जैविक आक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। 60 डिग्री दक्षिण अक्षांश के दक्षिण में मिट्टी में रहने वाले स्प्रिंगटेल और माइट जैसे छोटे अकशेरुकी जीवों सहित कम से कम एक दर्जन गैर-स्थानीय प्रजातियां दर्ज की गई हैं।

इनमें कई पौधों की प्रजातियां भी शामिल हैं। ये मुख्य रूप से अनुसंधान केंद्रों और अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों के आसपास पाई गई हैं। वैज्ञानिक अभियानों, रसद गतिविधियों और पर्यटन सहित मानवीय गतिविधियां बाहरी प्रजातियों के प्रसार का प्रमुख माध्यम हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ने से इन प्रजातियों के अंटार्कटिका में जीवित रहने और फैलने की संभावना भी बढ़ सकती है। फिलहाल, इससे भी बड़ा खतरा अंटार्कटिका के भीतर ही स्थानीय प्रजातियों के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में पहुंचने का है। इसमें पहले से वहां मौजूद और स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल विकसित प्रजातियां अपने प्राकृतिक क्षेत्र से बाहर फैल सकती हैं। इस तरह के प्रसार के लिए सूक्ष्मजीव सबसे संभावित उम्मीदवार हैं। ये पारिस्थितिकी तंत्र में प्राथमिक उत्पादक और पोषक तत्वों के चक्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंटार्कटिका की मिट्टी की अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण दुनिया भर में पाई जाने वाली सामान्य बैक्टीरिया प्रजातियों को भी विशेष रूप से अनुकूलन करना पड़ता है।

अमेरिका: व्हाइट हाउस के अफसरों से मिले हिंदू नेता, हिंदूफोबिया-मंदिरों की सुरक्षा पर उठाई आवाज; रखीं मांगें

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में हिंदू समुदाय के नेताओं ने सोशल मीडिया पर हिंदू विरोधी बयानबाजी और देशभर में हिंदूफोबिया से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। हिंदू अमेरिकी नेताओं ने बुधवार को व्हाइट हाउस के अधिकारियों के साथ बैठक में ये मुद्दे उठाए। इस दौरान उन्होंने अमेरिका में मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने और अलग-अलग धर्मों के बीच संवाद मजबूत करने की मांग भी की। बैठक में सरकार की नीतियों में हिंदू अमेरिकी समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। यह बैठक वॉशिंगटन में हिंदू सामुदायिक केंद्र और मंदिर 'केशवम' में आयोजित की गई। इसमें व्हाइट हाउस की फेथ डायरेक्टर जेनिफर कोर्न के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। उनके साथ अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार और फेथ लाइजन बेलसिस रोमेरो भी मौजूद थीं। बैठक में हिंदू स्वयंसेवक संघ-यूएसए, सेवा इंटरनेशनल, बीएपीएस, हिंदू युवा, इस्कॉन, चिन्मय मिशन, आर्ट ऑफ लिविंग, ईशा फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका और श्रीमद राजचंद्र मिशन समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान हिंदू अमेरिकी प्रतिनिधियों ने अमेरिका में समुदाय के योगदान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंदू संगठन आपदा राहत कार्यों, ध्यान और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ सेवा दिवाली जैसे अभियानों के जरिए समाज की मदद कर रहे हैं। सेवा दिवाली के तहत जरूरतमंद लोगों के लिए खाद्य सामग्री जुटाई जाती है। इसके साथ ही प्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया पर बढ़ती हिंदू विरोधी टिप्पणियों और अमेरिका के अलग-अलग हिस्सों में सामने आ रही हिंदूफोबिया की घटनाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिकारियों से मंदिरों की सुरक्षा बेहतर करने के लिए जरूरी कदम तलाशने का आग्रह किया। हिंदू अमेरिकी नेताओं ने अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देने और अलग-अलग समुदायों के बीच विश्वास और समझ विकसित करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने अमेरिकी संघीय नीतियों से जुड़ी चर्चाओं में हिंदू समुदाय के विचारों को शामिल करने और सरकारी स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने की जरूरत बताई।

'हमें किसी की जरूरत नहीं': ईरान से जंग में चीन-रूस की मदद लेने से ट्रंप का इनकार, कहा- समझौता चाहता है तेहरान

शेन्जेन, चीन , एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से जुड़े मौजूदा संघर्ष को खत्म करने के लिए चीन और रूस से मदद लेने की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान, वाशिंगटन के साथ समझौता करना चाहता है। साथ ही दावा किया कि अमेरिकी सैन्य अभियानों ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को काफी कमजोर कर दिया है। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की नौसेना, वायु सेना और एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणालियों को हरा दिया है। साथ ही यह भी कहा कि उस देश की मिसाइल क्षमताओं में काफी कमी आई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे इस संघर्ष को खत्म करने के लिए चीन और रूस से मदद लेने की योजना बना रहे हैं, तो ट्रंप ने कहा, 'देखिए, हमें किसी मदद की जरूरत नहीं है। हमने



उनकी नौसेना को हरा दिया है। उनकी वायु सेना को हरा दिया है। उनके एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम को भी हरा दिया है। उनके पास अब लगभग 12 मिसाइलें ही बची हैं। उनके पास कुछ मिसाइलें तो हैं, लेकिन वे पहले की तुलना में घटकर लगभग 12-13% रह गई हैं, और अब वे एक समझौता करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मदद की जरूरत नहीं है। मेरा मतलब है कि मैं मदद मांगने नहीं जा रहा हूं।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि वाशिंगटन ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते इस जलमार्ग से जितना तेल गुजरा, उतना इसके इतिहास में पहले कभी नहीं गुजरा था। उन्होंने यह भी दावा किया कि हाल ही में हुए चुनावों के बाद वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'चुनाव के अगले ही दिन तेल की कीमतें तेजी से नीचे गिर गईं।' वाशिंगटन डीसी में ईरान द्वारा 'डर्टी बम' के इस्तेमाल के खतरे की संभावना पर, ट्रंप ने कहा कि ऐसे संकेत हैं कि परमाणु हथियार बनाने से रोके जाने के बाद, तेहरान अब रासायनिक और जैविक हथियारों की क्षमता हासिल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, 'ऐसे संकेत हैं कि ईरान गैस और जैविक हथियारों पर विचार कर रहा है, क्योंकि हमने परमाणु हथियारों के मामले में उनके रास्ते बंद कर दिए हैं। परमाणु हथियार बनाना कहीं ज्यादा मुश्किल है। इसलिए वे गैस और जैविक हथियारों की ओर देख रहे हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वाशिंगटन डीसी के लोगों को ईरान के संभावित हमले को लेकर चिंतित होना चाहिए, तो ट्रंप ने कहा कि घबराने की कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता। देखिए, अगर ऐसा होता है, तो हम उनका नामोनिशान मिटा देंगे। ट्रंप ने इस टकराव में अमेरिका के रुख का बचाव करते हुए कहा कि इन दुश्मनी की जड़ें 51 साल पुरानी घटनाओं में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले आठ महीनों में ईरानी अधिकारियों ने 75,000 प्रदर्शनकारियों को मार डाला है, और तेहरान पर प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक बल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। राजनयिक मोर्चे पर, ट्रंप ने पुष्टि की कि वाशिंगटन तेहरान के संपर्क में है।

दुनिया में 2035 तक मुस्लिमों की संख्या होगी सबसे ज्यादा, इस्लाम होगा सबसे बड़ा धर्म

वाशिंगटन, डीसी , एजेंसी। प्यू रिसर्च सेंटर ने रिपोर्ट जारी की है जिसके अनुसार, 2035 तक इस्लाम दुनिया के सबसे बड़े धर्म के रूप में ईसाई धर्म को पीछे छोड़ सकता है। रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्लाम और ईसाई धर्म दोनों ही बढ़ रहे हैं, लेकिन इस्लाम कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। इसका एक मुख्य कारण यह है कि अन्य प्रमुख धार्मिक समूहों की तुलना में मुसलमानों के बच्चों की संख्या अधिक होती है। प्यू के वरिष्ठ जनसांख्यिकी विशेषज्ञ कॉनराड हैकेट ने बताया कि धर्म परिवर्तन या धार्मिक पहचान बदलने के अन्य तरीकों की तुलना में, प्रजनन दर (फर्टिलिटी रेट) कहीं अधिक बड़ा कारक है।

पाकिस्तान में हो जाएंगे सबसे ज्यादा मुस्लिम : प्यू के अनुसार, 2020-2025 के दौरान मुसलमानों



में प्रजनन दर प्रति महिला 3.1 बच्चे थी, जबकि ईसाइयों में यह दर 2.5 थी। अन्य सभी समूहों की महिलाओं के लिए औसत प्रजनन दर 1.6 थी, जो 2.1 के उस स्तर से कम है जिसे किसी भी पीढ़ी के खुद को बनाए रखने (रिप्लेस करने) के लिए आवश्यक माना जाता है। प्यू के अनुसार, अगर मौजूदा रुझान जारी रहते हैं, तो 2070 तक पाकिस्तान में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी होगी। इसके बाद भारत, नाइजीरिया और इंडोनेशिया का नंबर आएगा - जबकि अभी इंडोनेशिया में सबसे अधिक मुस्लिम रहते हैं। प्यू के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में 2.27 अरब ईसाई और 2.02 अरब मुसलमान थे। प्यू के नए अनुमानों के मुताबिक, 2035 तक मुसलमानों की संख्या 2.57 अरब और ईसाइयों की संख्या 2.52 अरब हो जाएगी। यदि मौजूदा रुझान जारी रहते हैं, तो 2070 तक दुनिया भर में मुसलमानों की संख्या 3.6 अरब से अधिक हो जाएगी, जबकि ईसाइयों की संख्या 3 अरब से थोड़ी कम होगी। इन अनुमानों में धार्मिक समूहों की आयु संरचना, प्रजनन दर, धर्म परिवर्तन और प्रवास (माइग्रेशन) के मौजूदा रुझानों को ध्यान में रखा गया है। प्यू का अनुमान है कि अगले 40 वर्षों के भीतर, संयुक्त राज्य अमेरिका में ईसाइयों का बहुमत नहीं रहेगा। प्यू के अनुसार, अभी अमेरिका की 62% आबादी ईसाई है, और 2065 तक यह आंकड़ा 50% से नीचे आ जाएगा। प्यू ने बताया कि पड़ोसी देश कनाडा में भी 2030 तक ईसाइयों की आबादी 50% से कम होने का अनुमान है। दोनों ही देशों में इस गिरावट का एक बड़ा कारण उन लोगों की संख्या में बढ़ोतरी है, जो किसी भी धर्म से नहीं जुड़े हैं।

बांग्लादेश में अवामी लीग के 'लॉकडाउन' के बीच भीषण हिंसा!



ढाका , एजेंसी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बृहस्पतिवार तड़के कई जगहों पर बम धमाके हुए, जबकि चटगांव में पूर्व की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के पैतृक घर को आग लगा दी गई। यह अशांति पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी अवामी लीग की ओर से बृहस्पतिवार को देशव्यापी ''लॉकडाउन के आह्वान के बाद हुई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली भंग की जा चुकी पार्टी 'अवामी लीग' द्वारा बृहस्पतिवार को देशव्यापी 'लॉकडाउन' के आह्वान के बाद पूरे देश में हिंसक झड़पें, बम धमाके और आगजनी की घटनाएं हुई हैं। राजधानी ढाका में तड़के कई स्थानों पर बम विस्फोट हुए, जबकि चटगांव में पूर्व अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के पैतृक घर को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। इस व्यापक हिंसा में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद बृहस्पतिवार सुबह ढाका के कई इलाकों में बम विस्फोट, तोड़फोड़ और आगजनी की गई, जिसमें कम से कम चार लोग घायल हो गए। दूसरी ओर, चटगांव के पांचलाइश इलाके में अज्ञात उपद्रवियों ने नोबेल पुरस्कार विजेता और पूर्व मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के पैतृक आवास में आग लगा दी। इससे पहले देश के विभिन्न हिस्सों में यूनुस द्वारा स्थापित 'ग्रामीण बैंक' की कई शाखाओं को भी निशाना बनाकर आग लगाई गई थी। बीते दो दिनों में देश के 64 प्रशासनिक जिलों में से 28 जिलों में बम धमाके और वाहनों को फूंकने की खबरें सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार रात ढाका में प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक कार्यकर्ताओं- जिन्हें प्रधानमंत्री तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़ा माना जा रहा है- ने अवामी लीग के दो नेताओं के घरों पर हमला कर आग लगा दी। इससे पहले बांग्लादेश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित ग्रामीण बैंक की कई शाखाओं को भी आग के हवाले कर दिया गया था। अखबारों की खबरों के अनुसार, बुधवार रात प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने ढाका में अवामी लीग के दो नेताओं के घरों पर हमला किया या उन्हें आग लगा दी। माना जा रहा है कि ये कार्यकर्ता प्रधानमंत्री तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े थे।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा: हकीम जेफ्रीज बन सकते हैं पहले अश्वेत स्पीकर, डेमोक्रेट्स ने लगाई नाम पर मुहर

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी ने हकीम जेफ्रीज को नए कांग्रेस सत्र के लिए अपना नेता चुन लिया है। इसके साथ ही उनके अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के पहले अश्वेत स्पीकर बनने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। जनवरी में नए कांग्रेस सत्र की शुरुआत पर सदन में होने वाला औपचारिक मतदान इस पद पर उनकी नियुक्ति का अंतिम चरण होगा। मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के करीब दो सप्ताह बाद पार्टी ने जेफ्रीज के नाम पर मुहर लगाई। हालांकि, पार्टी के कुछ नवनिर्वाचित प्रगतिशील सांसदों ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया था। वे समर्थन के बदले नीतिगत मुद्दों पर ठोस आश्वासन चाहते थे।

गोपनीय मतदान में 11 सांसदों ने किया विरोध : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी के गोपनीय मतदान में केवल 11 डेमोक्रेटिक सांसदों ने जेफ्रीज के खिलाफ वोट दिया। इससे जनवरी में उनके स्पीकर चुने जाने की संभावना मजबूत हुई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, विरोध करने वाले सांसद भी सदन में अंतिम मतदान के दौरान उनका समर्थन कर सकते हैं।

नामांकन मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जेफ्रीज ने कहा कि अमेरिकी जनता बड़े और बुनियादी बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति स्वीकार्य नहीं है और डेमोक्रेटिक



पार्टी लोगों की अपेक्षाओं के मुताबिक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रगतिशील सांसदों ने रखीं नीतिगत शर्तें : जेफ्रीज का विरोध करने वाले सात नवनिर्वाचित प्रगतिशील डेमोक्रेटिक सांसदों ने कहा कि वे मेडिकेयर फॉर ऑल यानी सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा योजना पर मतदान कराने और गाजा में कथित नरसंहार खत्म करने जैसे मुद्दों पर प्रतिबद्धता चाहते हैं। इन सांसदों में न्यूयॉर्क की डारियालिजा एविला शेवेलियर, न्यू जर्सी के एडम हमावी, टेक्सास के फ्रेडरिक हेन्स, कोलोराडो की मेलाट किरोस, मिशिगन के डोनावन मैकिनी और पेंसिल्वेनिया के क्रिस रैब के साथ न्यूयॉर्क की क्लेयर वाल्डेज शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसद डॉन लियोनार्ड ने भी जेफ्रीज के नामांकन के खिलाफ वोट दिया। उन्होंने कहा कि वह चुनावी चंदे से जुड़े नियमों में सुधार और इजराइल को अमेरिकी सहायता रोकने के मुद्दे पर मतदान कराने का आश्वासन चाहते हैं। लियोनार्ड के मुताबिक, जब तक इन मुद्दों पर स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं मिलती, तब तक उनका समर्थन नहीं होगा। जेफ्रीज ने पार्टी के भीतर विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डेमोक्रेट्स का काम मैगा कट्टरपंथ का मुकाबला करना है, न कि आपस में लड़ना।

कई गुटों से जेफ्रीज ने की बातचीत : नामांकन से पहले जेफ्रीज ने उन नवनिर्वाचित सांसदों से आमने-सामने बातचीत की, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से उनके समर्थन का ऐलान नहीं किया था। इनमें से कई सांसद डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स ऑफ अमेरिका से जुड़े थे। उन्होंने पार्टी के अलग-अलग गुटों से भी संपर्क किया। इनमें सेंटरिस्ट सांसद, न्यू डेमोक्रेट कोएलिशन, ब्लू डॉग कॉकस और कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस शामिल हैं। जेफ्रीज को वरिष्ठ सांसद जिम क्लाइबर्न का भी मजबूत समर्थन मिला। क्लाइबर्न कांग्रेसनल ब्लैक कॉकस के वरिष्ठ सदस्यों में शामिल हैं। उन्होंने पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि हकीम सुर्खियों के बजाय ठोस प्रगति में रुचि रखते हैं। जेफ्रीज ने शुक्रवार को सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के कई प्रमुख प्रस्तावों का समर्थन किया। इनमें मेडिकेयर के लिए पात्रता की उम्र घटाना, बच

भीलवाड़ा पंचायती राज चुनाव परिणाम : जिला परिषद और पंचायत समितियों में कांग्रेस का एकतरफा दबदबा

45 में से 31 जिला परिषद व 288 में से 168 पंचायत समिति सीटों पर दर्ज की जीत

पॉलीटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतगणना; 16 में से 13 पंचायत समितियों में कांग्रेस आगे, कोटड़ी, सहाड़ा व आसींद में भाजपा को बढ़त, जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने कार्मिकों की सराहना की

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा । जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में पंचायती राज संस्थाओं के जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन की मतगणना शुक्रवार को राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, तिलक नगर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले के 45 जिला परिषद वार्डों और 16 पंचायत समितियों के 288 पदों के लिए घोषित अंतिम परिणामों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा बढ़त हासिल की है।

जिला परिषद में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत, 45 में से 31 सीटों पर कब्जा

जिला परिषद सदस्य निर्वाचन के अंतिम नतीजों में कांग्रेस ने 45 वार्डों में से 31 सीटों पर विजय पताका फहराई है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों को 14 सीटों पर जीत मिली है। स्पष्ट बहुमत मिलने के साथ ही जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय हो गया है।

16 पंचायत समितियों की 288 सीटों का गणितः कांग्रेस 168, भाजपा 108 पर विजयी

जिले की सभी 16 पंचायत समितियों के कुल 288 वार्डों में से कांग्रेस ने 168 सीटों पर जीत दर्ज की है, वहीं भाजपा 108 सीटों पर विजयी रही। इसके अतिरिक्त 10 सीटों पर निर्दलीय तथा 2 सीटों पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रत्याशियों ने बाजी मारी है। पंचायत समिति वार परिणामों के अनुसार सुवाणा में कांग्रेस 19 व भाजपा 8, मांडल में कांग्रेस 15 व भाजपा 6, मांडलगढ़ में कांग्रेस 12, भाजपा 8 व निर्दलीय 1, बनेड़ा में कांग्रेस 12 व भाजपा 5, करेड़ा में कांग्रेस 12 व भाजपा 5, शाहपुरा में कांग्रेस 11 व भाजपा 4, जहाजपुर में कांग्रेस 10, भाजपा 5 व निर्दलीय 2, खजूरी में कांग्रेस 10 व भाजपा 5, फुलियाकलां में कांग्रेस 10, भाजपा 4 व आरएलपी 1, हुरड़ा में कांग्रेस 10, भाजपा 4, निर्दलीय 2 व आरएलपी 1, बिजौलियां में कांग्रेस 8 व भाजपा 7, रायपुर में कांग्रेस 8, भाजपा 6 व निर्दलीय 1 तथा शम्भूगढ़ में कांग्रेस 7, भाजपा 6 व निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी रही। दूसरी ओर, कोटड़ी में भाजपा 16 व कांग्रेस 11, सहाड़ा में भाजपा 10 व कांग्रेस 9 तथा आसींद में भाजपा 9, कांग्रेस 4 व निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी रहे।

कलेक्टर संधू ने मतगणना कार्मिकों का जताया आभार

मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने निर्वाचन कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतगणना संपन्न कराने में दिए गए योगदान की सराहना की। मतगणना स्थल पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त कलक्टर) डॉ. हरीतिमा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, एडिशनल एसपी हेमंत नोगिया सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

मांडलगढ़ विशेष

मांडलगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस का बोर्ड तयः 21 में से 12 वार्डों पर जीत, भाजपा को मिलीं 8 सीटें

मांडलगढ़ (स्मार्ट हलचल)। माण्डलगढ़ पंचायत समिति के सभी 21 वार्डों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने 12 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। 21 सदस्यों वाली समिति में बहुमत के लिए आवश्यक 11 के जादुई आंकड़े को पार करते हुए कांग्रेस ने अपना प्रधान बनाने का रास्ता साफ कर लिया है, जबकि भाजपा 8 सीटों पर सिमट गई और 1 सीट निर्दलीय के खाते में गई।

वार्डवार विजेताः कांग्रेस से वार्ड 2 में शान्ति देवी बलाई, वार्ड 3 में काँती कुमारी जाट, वार्ड 5 में कालूराम गुर्जर, वार्ड 6 में गीता देवी मीणा, वार्ड 8 में रामचन्द्र जाट, वार्ड 11 में राजेन्द्र पाराशर, वार्ड 12 में मोरू कँवर पुरावत, वार्ड 14 में गणेश लाल जाट, वार्ड 15 में सूरजमल गुर्जर, वार्ड 16 में शिवानी देवी गुर्जर, वार्ड 18 में गोरू लाल मीणा व वार्ड 19 में जितेन्द्र कुमार मुन्दड़ा विजयी रहे। वहीं भाजपा से वार्ड 1 में डिम्पल कंवर राजपूत, वार्ड 4 में रामदेव बैरवा, वार्ड 7 में रामपाल धाकड़, वार्ड 10 में राधा, वार्ड 13 में राधा धाकड़, वार्ड 17 में शिमला देवी मीणा, वार्ड 20 में विष्णु देवी खटीक व वार्ड 21 में मंजू देवी जोशी ने जीत दर्ज की, जबकि वार्ड 9 से निर्दलीय जगदीश चन्द्र ढोली निर्वाचित हुए।

बनेड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

100 किलो से अधिक अवैध अफीम डोडा-पोस्त बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

स्मार्ट हलचल



रायला -बनेड़ा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बनेड़ा थाना पुलिस एवं भीलवाड़ा डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लाम्बिया सरहद गांव के पास एक हुंडई अल्काजार कार से 100 किलो 440 ग्राम अवैध अफीम डोडा-पोस्त बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं शाहपुरा वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में थाना प्रभारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 18 नवंबर को डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि RJ 14 UH 1352 नंबर की अल्काजार कार में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर बनेड़ा थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कार में सवार दो व्यक्ति मौके से फरार हो गए, जबकि पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम कुमार सैनी पुत्र पुरणमल सैनी (29), निवासी वार्ड नंबर 2, उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं के रूप में हुई। कार की तलाशी लेने पर पांच कट्टों में भरा कुल 100.440 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा-पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। वहीं फरार दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अब तस्करी के नेटवर्क, मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई से जुड़े लोगों के संबंध में गहन जांच कर रही है। इस कार्रवाई में बनेड़ा थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम, समस्या पर आमजन को एक ही जवाब- हमारे पास साधन नहीं

मांडलगढ़ में पेयजल लाइन टूटने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ, तीन दिन से परेशान लोग

नई आबादी मेहनेम स्कूल गली में जलापूर्ति बाधित, अधिकारियों का जवाब— साधन और सामग्री उपलब्ध नहीं

स्मार्ट हलचल



मांडलगढ़। मांडलगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप सामने आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि समस्या लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास पहुंचने पर अक्सर साधन एवं सामग्री उपलब्ध नहीं होने का हवाला देकर जिम्मेदारी टाल दी जाती है। नई आबादी स्थित मेहनेम स्कूल गली में पिछले तीन दिनों से पेयजलापूर्ति लाइन टूटी हुई है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है, वहीं घरों तक पानी नहीं पहुंचने से स्थानीय निवासियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया, लेकिन उन्हें कथित तौर पर जवाब मिला कि विभाग के पास आवश्यक साधन और सामग्री उपलब्ध नहीं है। सामग्री आने के बाद ही लाइन दुरुस्त की जाएगी। ऐसे में लोगों में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने सवाल उठाया कि जब संबंधित विभाग के पास छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक संसाधन ही उपलब्ध नहीं हैं, तो आमजन को राहत कैसे मिलेगी? जिस वार्ड में तीन-तीन पार्षद रहते हैं, वहां भी समस्या का समय पर समाधान नहीं होना जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। नगर पालिका प्रशासन और नए बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। आरोप है कि दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर भी शहर में नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई, खराब रोड लाइटों और टाइमरों की मरम्मत जैसे कार्य समय पर नहीं हो पाए। इससे नगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभागों एवं नगर पालिका प्रशासन से पेयजल लाइन की तत्काल मरम्मत करवाने, पानी की बर्बादी रोकने तथा शहर की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की मांग की है।

28- 29 को उदयपुर में होगा साहित्यिक संगम भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार जोशी को मिलेगा

राष्ट्रीय सृजन विभूति सम्मान 2026

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा 20 नवंबर / राजस्थान के विख्यात पत्रकार, साहित्यकार स्वर्गीय भंवर सुराणा की स्मृति में आगामी 28-29 नवंबर को उदयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सृजन विभूति सम्मान 2026 के लिए भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, लेखक अमिताभ जोशी का चयन हुआ है जोशी को यह सम्मान उनके द्वारा साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान तथा उत्कृष्ट लेखन के लिए दिया जाएगा । विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली तथा डॉ. भंवर सुराणा स्मृति अभिनंदन समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के 17 ख्यातनाम लेखक पत्रकार साहित्यकार एवं कर्मयोगियों को सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शकुन्तला सरूपरिया संपादक तनिमा ने बताया कि पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में स्वर्गीय डॉ. भंवर सुराणा द्वारा दिए गए योगदान को प्रेरणादायी एवं प्रेरक बनाने के उद्देश्य से लायंस क्लब हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के 17 ख्यातनाम लेखक, साहित्यकार, पत्रकार एवं कर्मयोगी कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में 28 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे देश की जानी-मानी 17 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा तथा उनके द्वारा संपादित दो किताबों का लोकार्पण होगा एवं डॉ. सुराणा के व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर चर्चा होगी तथा शाम को कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन होगा तथा रात्रि को एक फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा दूसरे दिन प्रात 10:00 बजे हिंदी भाषा साहित्य एवं पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा एवं मंथन किया जाएगा शाम को एक विशेष रूप से लोक रंग की संध्या का आयोजन होगा जिसमें राजस्थान के पारंपरिक नृत्य एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा । राष्ट्रीय सृजन विभूति सम्मान 2026 से सम्मानित होने वाली विभूतियां मुंबई से अनिल सहगल, जय नवीन बोरा, ज. फर्ज खान तथा पुणे महाराष्ट्र से महेश बजाज, जयपुर से डॉ.उरुक्रम शर्मा, गुरुग्राम से श्रीमती दीपशिखा श्रीवास्तव, अहमदाबाद से श्रीमती रेणु श्रद्धा शर्मा, जोधपुर से डॉ. तृप्ति गोस्वामी, आनंद से सुश्री राधा भोई जोगन, सुश्री रंजन राय सिंह भोई, भीलवाड़ा से अमिताभ जोशी, उदयपुर से लोकेश मेनारिया, राकेश माथुर, श्रीमती चेतना भाटी, सुशील निंबार्क, डॉ रश्मि बोहरा, श्रीमती हंसा रविंद्र को सम्मानित किया जाएगा ।

देव उठनी एकादशी पर हुए मांगलिक कार्य, गूंजी शहनाई और मंत्रोच्चार

स्मार्ट हलचल



काछोला - कस्बे सहित क्षेत्र में देव उठनी एकादशी के साथ ही भगवान विष्णु के जागने के बाद शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई। करीब चार महीने के चातुर्मास के बाद इस शुभ मुहूर्त पर क्षेत्र में दर्जनों शादियां और सगाई के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सुबह से ही मंदिरों में तुलसी विवाह की धूम रही। महिलाओं ने तुलसी जी और शालिग्राम जी का विधि-विधान से विवाह कराया और सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर बैंड-बाजे, डीजे और शहनाई की गूंज से पूरा कस्बा गुलजार रहा। दूल्हा-दुल्हन के घरों में मेहमानों का आना-जाना लगा रहा। बाजारों में भी मिठाई, कपड़े और गहनों की दुकानों पर खूब भीड़ देखने को मिली। पंडितों के अनुसार देव उठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त देखे भी मांगलिक कार्य होते हैं, इसलिए इस दिन शादियों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। शादी समारोह में पहुंचे लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि देव उठनी पर हुआ यह रिश्ता भगवान विष्णु के आशीर्वाद से हमेशा अटूट रहेगा।

लाडपुरा में परंपरागत शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुख-समृद्धि की कामना

लाडपुरा गांव में देव उठनी एकादशी पर निकले घास भैरूजी

स्मार्ट हलचल



लाडपुरा / कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे देव उठनी एकादशी कहा जाता है, के अवसर पर शुक्रवार शाम को लाडपुरा गांव में परंपरागत घास भैरूजी की शोभायात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शाम लगभग 6 बजे मुख्य बाजार स्थित बालाजी मंदिर से घास और फूलों से सजी भैरूजी की प्रतिमा की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों - मुख्य बस स्टैंड, बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। आगे-आगे ढोल-नगाड़ों की थाप, पीछे भजन-कीर्तन गाते श्रद्धालु चल रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चलीं। पूरे गांव में घरों के बाहर दीपों से सजाया गया। यह परंपरा वर्षों पुरानी है, जिसमें घास से सजी भैरूजी की प्रतिमा को गांव भर में घुमाकर पुनः मंदिर लाया जाता है। मान्यता है कि इससे गांव में सुख-समृद्धि आती है और बुरी बला टलती है। शोभायात्रा में ग्रामीणों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया। अंत में पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य नागरिक, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

निशुल्क नेत्र रोग एवं दंत रोग परामर्श शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं दंत रोग विशेषज्ञ शिविर में विभिन्न गांव से आए सैकड़ो रोगियों को नेत्र व दांतों के रोग का परामर्श दिया गया मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा नेत्र विशेषज्ञ डीएनबी द्वारा सभी 66 नेत्र रोगियों को अपना घर वृद्धाश्रम आर सी व्यास कॉलोनी भीलवाड़ा में परामर्श दिया उसके अगले दिन रोगियों के नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जाएंगे शिविर में रोगियों को आवास ,भोजन, दवाइयां, काला चश्मा निशुल्क दिये गये डॉ रोहित बसेर दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा भी आज दांतों से ग्रसित रोगियों को परामर्श दिया इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, जय किशन मित्तल,छीतर मल लढ्ढ़ा, गणपत जागेटीया अरुण जागेटिया,लादू लाल माली, घनश्याम डाड ने सेवाएं दी

खजूरी पंचायत समिति चुनाव परिणाम घोषित : कांग्रेस ने 10 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज कर हासिल किया स्पष्ट बहुमत, भाजपा को मिलीं 5 सीटें

भीलवाड़ा की नवगठित खजूरी पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों के अंतिम नतीजे आए सामने; बहुमत के आंकड़े (8) को पार कर कांग्रेस का प्रधान बनना तय, निर्दलीयों का नहीं खुला खाता

स्मार्ट हलचल



खजूरी/भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले की खजूरी पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों के अंतिम चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मतगणना के नतीजों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। 15 सदस्यों वाली इस पंचायत समिति में बहुमत के लिए 8 सीटों की आवश्यकता थी, जिसे आसानी से पार करते हुए कांग्रेस ने अपना बोर्ड और प्रधान बनाने का रास्ता पूरी तरह साफ कर लिया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 5 सीटों पर जीत मिली है, जबकि किसी भी निर्दलीय या अन्य प्रत्याशी का खाता नहीं खुल सका। परिणाम जारी होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया।

खजूरी पंचायत समिति चुनाव : दलगत स्थिति (कुल 15 वार्ड)
कांग्रेसः 10 वार्ड (स्पष्ट बहुमत)
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा): 05 वार्ड
अन्य / निर्दलीयः 00 वार्ड

कांग्रेस के 10 विजयी प्रत्याशियों की सूची
वार्ड 2 (अ.जा.): नाराण (उम्रः 43 वर्ष)
वार्ड 3 (सामान्य): राम नारायण गुर्जर (उम्रः 31 वर्ष)
वार्ड 5 (सामान्य महिला): गुणमाला (उम्रः 50 वर्ष)
वार्ड 6 (सामान्य): मीरा (उम्रः 42 वर्ष)
वार्ड 8 (अ.जा.): हेमराज (उम्रः 42 वर्ष)
वार्ड 9 (अ.ज.जा. महिला): हेमलता (उम्रः 31 वर्ष)
वार्ड 10 (अ.ज.जा.): मनीषा मीना (उम्रः 26 वर्ष)
वार्ड 11 (अ.ज.जा.): महावीर प्रसाद (उम्रः 25 वर्ष)
वार्ड 12 (अ.जा. महिला): काली (उम्रः 29 वर्ष)
वार्ड 13 (सामान्य महिला): आशा देवी (उम्रः 42 वर्ष)

भाजपा के 5 विजयी प्रत्याशियों की सूची
वार्ड 1 (अ.पि.वर्ग): नारायण लाल (उम्रः 29 वर्ष)
वार्ड 4 (सामान्य): गोपाल (उम्रः 57 वर्ष)
वार्ड 7 (सामान्य महिला): आशा (उम्रः 37 वर्ष)
वार्ड 14 (सामान्य महिला): मोहनी (उम्रः 59 वर्ष)
वार्ड 15 (सामान्य महिला): संगीता देवी (उम्रः 32 वर्ष)

विदेशी बाजारों में पहचान, अब ब्यावर में भी चमकेगा कोरसा ब्रांड

अंतरराष्ट्रीय हार्डवेयर कंपनी के देवजीमल प्लस शोरूम का शुभारंभ, बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा हैं कंपनी की ब्रांड एंबेसडर

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर । ब्यावर के व्यापारिक बाजार में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की दस्तक के साथ ग्राहकों को खरीदारी का नया विकल्प मिला है। देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय हार्डवेयर कंपनी कोरसा के नए शोरूम देवजीमल प्लस का भव्य शुभारंभ हुआ। दिल्ली से पहुंचे कंपनी के डायरेक्टर नईम अहमद एवं वसीम अहमद ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। शुभारंभ से पूर्व शोरूम संचालक पंजूमल सदनानी एवं पुनीत सदनानी ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सिंधी समाज के संत शंभू साईं ने आशीर्वचन प्रदान कर प्रतिष्ठान की उन्नति की कामना की। कंपनी के डायरेक्टर नईम अहमद एवं वसीम अहमद ने बताया कि कोरसा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखने वाली हार्डवेयर कंपनी है। कंपनी घरों में उपयोग आने वाले सैकड़ों प्रकार के हार्डवेयर उत्पादों का निर्माण करती है। भारत के साथ श्रीलंका, बांग्लादेश, सऊदी अरब, नेपाल, इराक सहित कई देशों में कंपनी के उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा कंपनी की ब्रांड एंबेसडर हैं। शोरूम संचालक पुनीत सदनानी ने कहा कि देवजीमल संस्था ब्यावर में विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक है। शोरूम पर ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्पादों के साथ बेहतर सेवा उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी। समारोह में ब्यावर जिला व्यापार संघ अध्यक्ष संजय घीया, भाजपा नेता जयकिशन बल्दुआ, पार्षद वर्षा तिलोकानी, जेठानंद तिलोकानी, डॉ. नरेंद्र आनंददानी, मोहित अरोड़ा, निशा टांक, ऋतु जाजू सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जहाजपुर पंचायत समिति चुनाव परिणाम घोषित : कांग्रेस ने 10 सीटों पर जीत दर्ज कर हासिल किया स्पष्ट बहुमत, भाजपा को मिलीं 5 और निर्दलीयों को 2 सीटें

भीलवाड़ा की जहाजपुर पंचायत समिति के सभी 17 वार्डों के अंतिम नतीजे आए सामने; बहुमत के आंकड़े (9) को पार कर कांग्रेस का प्रधान बनना तय, समर्थकों ने मनाया जश्न

स्मार्ट हलचल



जहाजपुर/भीलवाड़ा । पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर पंचायत समिति के सभी 17 वार्डों के अंतिम चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मतगणना के नतीजों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। 17 सदस्यों वाली जहाजपुर पंचायत समिति में बहुमत के लिए 9 सीटों की आवश्यकता थी, जिसे आसानी से पार करते हुए कांग्रेस ने अपना बोर्ड और प्रधान बनाने का रास्ता पूरी तरह साफ कर लिया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 5 सीटों पर जीत मिली है, जबकि 2 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी है। परिणाम जारी होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया।

जहाजपुर पंचायत समिति चुनाव : दलगत स्थिति (कुल 17 वार्ड)
कांग्रेसः 10 वार्ड (स्पष्ट बहुमत)
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा): 05 वार्ड
अन्य / निर्दलीयः 02 वार्ड

कांग्रेस के 10 विजयी प्रत्याशियों की सूची
वार्ड 1 (सामान्य महिला): आरमी (उम्रः 57 वर्ष)
वार्ड 2 (सामान्य): सीता देवी गुर्जर (उम्रः 67 वर्ष)
वार्ड 3 (अ.जा.): दिनेश (उम्रः 33 वर्ष)
वार्ड 5 (अ.पि.वर्ग): शैतान (उम्रः 53 वर्ष)
वार्ड 6 (सामान्य): कन्हैयालाल (उम्रः 40 वर्ष)
वार्ड 7 (सामान्य महिला): सोनिया (उम्रः 33 वर्ष)
वार्ड 10 (अ.जा. महिला): राजेश कुमारी (उम्रः 36 वर्ष)
वार्ड 11 (अ.ज.जा.): रामप्रसाद (उम्रः 53 वर्ष)
वार्ड 16 (अ.जा.): बाबू (उम्रः 49 वर्ष)
वार्ड 17 (सामान्य महिला): विमता (उम्रः 42 वर्ष)

भाजपा के 5 विजयी प्रत्याशियों की सूची
वार्ड 4 (सामान्य महिला): सीमा चौधरी (उम्रः 37 वर्ष)
वार्ड 8 (सामान्य): मीरा (उम्रः 47 वर्ष)
वार्ड 9 (अ.ज.जा.): ब्रह्म प्रकाश (उम्रः 46 वर्ष)
वार्ड 12 (अ.ज.जा. महिला): शान्ता देवी मीणा (उम्रः 53 वर्ष)
वार्ड 15 (अ.ज.जा. महिला): मीरा (उम्रः 54 वर्ष)

निर्दलीय विजयी प्रत्याशियों की सूची (2 सीटें)
वार्ड 13 (सामान्य): कविता (उम्रः 35 वर्ष)
वार्ड 14 (सामान्य महिला): चेतन्या कंवर (उम्रः 43 वर्ष)

दो मंदिरों का अन्नकूट महोत्सव एक साथ मनाने की पहल, वार्ड 11 में दिखेगा सामाजिक एकजुटता का अनूठा उदाहरण

पार्षद भोलाराम प्रजापत की पहल पर हनुमान मंदिर के महंत श्रीरामशरण महाराज एवं मंशापूर्ण महादेव मंदिर के पं. मदन उपाध्याय के सान्निध्य में 22 नवंबर को होगा संयुक्त आयोजन; महाआरती और छप्पन भोग के बाद 8 से 10 हजार शहरवासी एक ही स्थान पर बैठकर ग्रहण करेंगे महाप्रसादी...

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा से शुरू होने वाले अन्नकूट महोत्सव की परंपरा चित्तौड़गढ़ शहर में वर्षों से श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। शहर में लगभग पंद्रह दिनों तक अलग-अलग मंदिरों में अन्नकूट प्रसादी के आयोजन होते हैं। इन आयोजनों में हजारों श्रद्धालु अपने परिवारों सहित शामिल होकर एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। मंदिर मंडलों और मोहल्लों के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से आयोजित होने वाले ये महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का भी संदेश देते हैं। इसी परंपरा के बीच इस वर्ष शहर के वार्ड संख्या 11 स्थित नगरपालिका कॉलोनी में अन्नकूट महोत्सव को लेकर एक अनूठी पहल की जा रही है। वार्ड पार्षद भोलाराम प्रजापत की पहल पर वार्ड में स्थित बजरंग बली देवालय एवं श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर



में अलग-अलग आयोजित होने वाले अन्नकूट महोत्सव को इस बार एक ही दिन संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए साझा आयोजन समिति का गठन कर दोनों मंदिरों के आयोजनों को एक सूत्र में पिरोया गया है। प्रजापत ने बताया कि वे पूर्व में भी इस वार्ड से पार्षद रह चुके हैं। पहले दोनों मंदिरों में अलग-अलग अन्नकूट प्रसादी महोत्सव आयोजित किए जाते थे, जिनमें आयोजन की व्यवस्थाओं पर समय और धन दोनों अधिक खर्च होते थे। इस बार वार्डवासियों से विचार-विमर्श और सर्वसम्मति के बाद दोनों प्रमुख मंदिरों का संयुक्त अन्नकूट महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 2026, रविवार को शाम 6 बजे प्रदोष की बेला में दोनों मंदिरों में महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात अन्नकूट महाप्रसादी महोत्सव के तहत शहर के लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालु एक ही स्थान पर एक साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। पूरे आयोजन को भव्य धार्मिक महोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। इसमें शहरवासियों की सामूहिक सहभागिता रहेगी। प्रजापत के अनुसार, इस पहल से आयोजन की व्यवस्थाओं में बेहतर समन्वय स्थापित होने के साथ समय और धन दोनों की बचत होगी। वहीं, शहर के हजारों लोगों को एक साथ बैठकर भोजन करने और सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा। इससे आपसी भाईचारे, सहयोग और सामंजस्य की भावना को भी मजबूती मिलेगी। इस पहल को चित्तौड़गढ़ शहर में धार्मिक आयोजनों के सामूहिक स्वरूप को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नवाचार माना जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो भविष्य में शहर के अन्य मंदिरों के प्रतिनिधियों और मोहल्लेवासियों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप शहर के विभिन्न मंदिरों का एक संयुक्त महा अन्नकूट प्रसादी महोत्सव आयोजित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा सकते हैं। धार्मिक परंपराओं को सामाजिक एकजुटता से जोड़ने वाली यह पहल केवल आयोजन की व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामूहिक सहभागिता, सामाजिक समरसता और सनातन परंपराओं में निहित सहयोग एवं सद्भाव के मूल भाव को मजबूत करने का संदेश भी देती है।

मंदिरों के संत, पुजारी एवं जनप्रतिनिधियों की रहेगी सहभागिता

संयुक्त अन्नकूट महोत्सव में हनुमान मंदिर के महंत श्री राम शरण महाराज एवं मंशापूर्ण महादेव मंदिर के पं. मदन उपाध्याय का मार्गदर्शन और सान्निध्य रहेगा। आयोजन में पार्षद भोलाराम प्रजापत की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। समिति अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन समिति एवं सहयोगी सदस्य

संयुक्त अन्नकूट महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने के लिए गठित समिति एवं सहयोगी सदस्यों में पूर्व पार्षद सुरेंद्र नाथ योगी, सूर्यप्रकाश शर्मा (समिति अध्यक्ष), राजेश मेनारिया, विनोद मेनारिया, कमलाशंकर मेनारिया, अरुण कुमावत, विनोद तोमर, बालमुकुंद मेनारिया, देवेंद्र मेनारिया, सुरेश चेचाणी, अनंत समदानी, अशोक अजमेरा, करण सिंह सांखला, नीलू पटवारी, सुरेश चंद्र दादू, गुमान सिंह राठौड़, तुलसी राम मेनारिया, दिनेश ओझा, सुरेश कल, लक्ष्मण सिंह, ईश्वर दयाल शर्मा, मथुरा लाल नंदवाना, नंदकिशोर मेनारिया, सोहनलाल मेनारिया, दिनेश दायमा, कन्हैयालाल पुरोहित, रितेश कुमावत, महेंद्र नाथ योगी, प्रेमदास वैष्णव, मनोज मंडेला, अमित कुमावत, मनीष पीपाड़ा, दीपक मंडेला, शेष कुमार गुप्ता, मंगल सिंह भाटी, रमेश सनाढ्य, गोपाल जागेटिया, विजय कुमार सुथार, श्यामलाल सोनी, नरेश न्याति, महेंद्र शर्मा, विनोद गोतम, रामलाल जाट, अर्जुन माली, गोविंद धाकड़, विकास व्यास, हिमांशु भारद्वाज, गोवर्धन सिंह, ललित आगाल, श्याम सांखला, मयंक शर्मा, अजय रजक, देवराज रजक, चम्पा लाल जाट, सुरेश कोठारी, महावीर जोशी, रामप्रसाद प्रजापत, मधुसूदन व्यास, संजय आचार्य, धर्मेंद्र तिवारी, गोपाल मूंदड़ा, कैलाश वैष्णव, गोपाल बाहेती, राजेश पांड्या, महेंद्र सरगरा, महावीर सिंह अहीर, ओम जांगिड़ , धर्म नारायण जांगिड़ , दिनेश गुप्ता, रमेश रैगर सहित अन्य सहयोगी सदस्य शामिल हैं।

हिंदुस्तान जिंक और एनडीआरएफ का संयुक्त मॉक ड्रिल सफल

ध्वस्त संरचना में बचाव व सल्फर डाइऑक्साइड गैस रिसाव नियंत्रण का किया गया सजीव अभ्यास

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़। आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ,चंदेरिया समेल्टिंग कॉम्प्लेक्स और राष्ट्रीय आपदा एनडीआरएफ की छठी बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से एक व्यापक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अभ्यास में एनडीआरएफ टीम के साथ-साथ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान दो प्रमुख आपदा परिदृश्यों, ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव तथा सल्फर डाइऑक्साइड गैस रिसाव पर सजीव अभ्यास किया गया। अभ्यास के तहत आपदा की सूचना मिलते ही हिंदुस्तान जिंक की फायर एवं रेस्क्यू टीम, एनडीआरएफ के जवानों, पुलिस और प्रशासनिक अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी की। आधुनिक उपकरणों की सहायता से मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, गैस रिसाव को नियंत्रित करने और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने का सफल प्रदर्शन किया गया। इस संयुक्त अभ्यास में एनडीआरएफ की छठी बटालियन से असिस्टेंट कमांडेंट योगेश मीणा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सोनाली और इंस्पेक्टर सागर कुल्हारी ने अपनी टीम के साथ भाग लिया तथा बचाव तकनीकों का नेतृत्व किया। हिंदुस्तान जिंक



लिमिटेड की ओर से लोकेशन हेड विवेक यादव, यूनिट हेड पुष्पेंद्र मीणा, डिप्टी यूनिट हेड मुरुगन मणि, इंजीनियरिंग हेड राकेश दुर्गावत, एचजेडएल सेफ्टी हेड विजय गोयल, सेफ्टी ऑफिसर अभिषेक कोठारी तथा सीएलजेडएस चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर जी. मल्लेशम, फायर ऑफिसर विनय, इमरजेंसी कोऑर्डिनेटर तथा अश्विनी भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सोनिया आमेरिया, गंगरार पुलिस थाना से एसएस आई चन्दर सिंह एवं टीम मौजूद रहे। अभ्यास के अंत में सभी एजेंसियों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से डीब्रीफिंग की और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की दक्षता एवं टीमों के बीच बेहतरीन तालमेल की सराहना की।

---

82 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, 20 हजार समाजजनों की मौजूदगी में खटीक समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

500 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर निकाली भव्य शोभायात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 82 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, भामाशाहों का हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। सामाजिक एकता, समरसता और सादगीपूर्ण विवाह परंपरा की मिसाल पेश करते हुए श्री शिव मंडल खटीक समाज सेवा संस्थान की ओर से आयोजित 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में 82 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन के बंधन में बंधे। इस ऐतिहासिक आयोजन में राजस्थान सहित गुजरात और मध्यप्रदेश से आए करीब 20 हजार समाजजनों ने भाग लिया। आयोजन ने सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता की अनूठी तस्वीर पेश की। सम्मेलन की शुरुआत



सुबह भव्य शोभायात्रा और बिंदोली के साथ हुई। शोभायात्रा में करीब 500 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थीं। शोभायात्रा शिव मंदिर दादाबाड़ी से रवाना होकर धान मंडी, कसारा मोहल्ला और सांगानेरी गेट होते हुए बख्ताबाबा रोड स्थित खटीक समाज छात्रावास पहुंची। रास्तेभर समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और उत्सवी माहौल के बीच निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद विवाह स्थल पर पंडित राजेंद्र नगर व्यास के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की सभी रस्में संपन्न कराई गईं। एक ही परिसर में 82 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। इसके बाद समाजजनों का सामूहिक मेल-मिलाप और भोज हुआ। आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि धौलपुर के पूर्व सांसद मनोज राजोरिया, विशिष्ट अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया सहित पीएमओ डॉ. अरुण गौड़, डॉ. दुष्यंत शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा, बाबूलाल तोसावड़ा और कन्यालाल गोल्डमैन सहित समाज के कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्थान अध्यक्ष बंशीलाल पटेल ने बताया कि संस्थान अब तक 12 सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर 1069 जोड़ों का विवाह करा चुका है। इस बार 82 जोड़ों के विवाह के साथ यह संख्या बढ़कर 1151 हो गई है। प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को संस्थान की ओर से 35 हजार रुपए के उपहार भेंट किए गए। पूरे आयोजन में समाजजनों का उत्साह, अनुशासन और आपसी सहयोग देखने को मिला। सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। बाहर से आए अतिथियों और समाजजनों ने आयोजन की भव्यता, व्यवस्थाओं और सामाजिक एकजुटता की जमकर सराहना की। सामूहिक विवाह सम्मेलन ने फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के साथ समाज में भाईचारे और एकता का मजबूत संदेश दिया।

उदयपुर जिला परिषद चुनाव में कांटे की टक्कर के बाद खिला कमल: 47 में से 24 सीटें जीतकर भाजपा ने हासिल किया स्पष्ट बहुमत, कांग्रेस को मिलीं 22 सीटें

एक सीट पर भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने दर्ज की जीत; कृषि महाविद्यालय व फतह स्कूल में शांतिपूर्ण संपन्न हुई मतगणना, कलक्टर गौरव अग्रवाल व एसपी डॉ. अमृता दुहन की निगरानी में रहे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम

स्मार्ट हलचल

उदयपुर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत उदयपुर जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की मतगणना शुक्रवार को चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के जिला परिषद के 47 वार्डों तथा सभी 20 पंचायत समितियों के 318 वार्डों के लिए मतों की गिनती की गई। जिला परिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच बेहद रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अंततः भाजपा ने बहुमत का जादुई आंकड़ा छूते हुए जिला प्रमुख बनाने का रास्ता साफ कर लिया।

जिला परिषद की 47 सीटों पर रोचक मुकाबला: भाजपा 24, कांग्रेस 22 व बीएपी 1 पर विजयी



जिला परिषद की कुल 47 सीटों के घोषित अंतिम परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने 24 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। वहीं, कांग्रेस ने भी कड़ा मुकाबला करते हुए 22 सीटों पर विजय प्राप्त की, जबकि भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के प्रत्याशी ने 1 सीट पर जीत हासिल की। कई वार्डों में हार-जीत का अंतर महज कुछ दर्जन वोटों का रहा, जिससे अंतिम दौर तक मतगणना केंद्रों के बाहर समर्थकों की धड़कनें तेज रहीं।

उदयपुर पंचायती राज चुनाव मतगणना : मुख्य बिंदु

जिला परिषद परिणाम (कुल 47 सीटें): भाजपा 24 (स्पष्ट बहुमत) 7 कांग्रेस 22 7 भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) 01।

पंचायत समिति चुनाव: जिले की सभी 20 पंचायत समितियों के 318 वार्डों के लिए हुई मतगणना।

प्रशासनिक निगरानी: जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) गौरव अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में शांतिपूर्ण संपन्न हुई प्रक्रिया।

दो मतगणना केंद्र: राजस्थान कृषि महाविद्यालय (5 पंचायत समितियां) एवं पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय (15 पंचायत समितियां व डाक मतपत्र)।

दो केंद्रों पर हुई मतगणना, फतह स्कूल में गिने गए डाक मतपत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) गौरव अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में दोनों निर्धारित मतगणना केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रहीं। अधिकारियों की सतत निगरानी और पुलिस के माकूल सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मतगणना कार्य संपन्न हुआ। निर्धारित व्यवस्था के तहत राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर में पांच पंचायत समितियों–झाड़ोल, फलासिया, कुराबड़, वल्लभनगर एवं गिर्वा के मतों की गणना की गई। वहीं, पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में शेष 15 पंचायत समितियों–ओगणा, भीण्डर, नाई, मावली, घासा, सायरा, कोटड़ा, सुलाव, गोगुन्दा, बड़गांव, देवला, नयागांव, कल्याणपुर, खेरवाड़ा एवं ऋषभदेव के मतों की गिनती संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त फतह विद्यालय के प्राचार्य कक्ष एवं एक अतिरिक्त कक्ष में जिला परिषद चुनाव के डाक मतपत्रों की गणना की गई।

बिजोलिया पंचायत समिति चुनाव में कांटे की टक्कर के बाद कांग्रेस ने मारी बाजी

15 में से 8 सीटों पर जीत दर्ज कर हासिल किया स्पष्ट बहुमत, भाजपा को मिलीं 7 सीटें

रोचक मुकाबले में कांग्रेस ने छू लिया बहुमत का जादुई आंकड़ा, निर्दलीयों का नहीं खुला खाता; विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न



बिजोलिया। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत बिजोलिया पंचायत समिति के सभी 15 वार्डों के अंतिम चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। बेहद रोचक और कांटे की टक्कर वाले इस मुकाबले में कांग्रेस ने 8 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। 15 सदस्यों वाली बिजोलिया पंचायत समिति में अपना प्रधान बनाने के लिए 8 सीटों के बहुमत की आवश्यकता थी, जिसे हासिल कर कांग्रेस ने बोर्ड बनाने का रास्ता साफ कर लिया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी कड़ी टक्कर देते हुए 7 सीटों पर विजय प्राप्त की, जबकि किसी भी निर्दलीय या अन्य प्रत्याशी का खाता नहीं खुल सका। परिणाम जारी होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

बिजोलिया पंचायत समिति चुनाव : दलगत स्थिति (कुल 15 वार्ड)

कांग्रेस: 08 वार्ड (स्पष्ट बहुमत)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा): 07 वार्ड

अन्य / निर्दलीय: 00 वार्ड

कांग्रेस के 8 विजयी प्रत्याशियों की सूची

वार्ड 2 (अ.ज.जा.): भंवर लाल (उम्र: 31 वर्ष)

वार्ड 3 (सामान्य महिला): मीनाक्षी (उम्र: 48 वर्ष)

वार्ड 4 (अ.ज.जा.): रामेश्वर (उम्र: 34 वर्ष)

वार्ड 8 (सामान्य): कैलाश भील (उम्र: 34 वर्ष)

वार्ड 9 (अ.ज.जा. महिला): लक्ष्मी देवी (उम्र: 32 वर्ष)

वार्ड 10 (अ.ज.जा. महिला): सुनीता (उम्र: 37 वर्ष)

वार्ड 13 (सामान्य महिला): अजंता देवी (उम्र: 43 वर्ष)

वार्ड 14 (सामान्य): सोडन गुर्जर (उम्र: 44 वर्ष)

भाजपा के 7 विजयी प्रत्याशियों की सूची

वार्ड 1 (सामान्य): प्रकाश चन्द्र (उम्र: 52 वर्ष)

वार्ड 5 (सामान्य): राजेन्द्र कुमार (उम्र: 38 वर्ष)

वार्ड 6 (अ.जा.): शिवराज (उम्र: 52 वर्ष)

वार्ड 7 (अ.जा. महिला): सम्पत देवी (उम्र: 49 वर्ष)

वार्ड 11 (सामान्य महिला): रीतू (उम्र: 32 वर्ष)

वार्ड 12 (सामान्य महिला): लवली (उम्र: 31 वर्ष)

वार्ड 15 (अ.पि.वर्ग): नरसिंह (उम्र: 49 वर्ष)

तुलसी के आंगन में उतरी खुशियों की बहार, सालिग्राम संग रचाया विवाह

बांकेबिहारी मंदिर में देव प्रबोधिनी एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मंगल गीतों और भजनों से गूंजा मंदिर परिसर

स्मार्ट हलचल


अनिल खीची ब्यावर। देव प्रबोधिनी एकादशी पर सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर में तुलसी विवाह का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी मैया का दुल्हन के रूप में मनमोहक श्रृंगार किया गया, वहीं भगवान सालिग्राम दूल्हे के रूप में सजे। ठाकुरजी के गर्भगृह में सजाई गई विवाह की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर में गूंजते मंगल गीतों ने माहौल को विवाहोत्सव के रंग में रंग दिया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागने और चतुर्मास की समाप्ति के साथ ही मांगलिक



आयोजनों का शुभारंभ हुआ। सुबह 8.15 बजे प्रसन्न गणपति मंदिर से ढोल-धमाकों के साथ ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई। मनोरथी परिवार के राजेश-मधु जिंदल, हिमांशु जिंदल, शुभांशु जिंदल, प्रेम जिंदल, निखिल जिंदल, सुनील जिंदल, संजय जिंदल एवं अनुज जिंदल सहित श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। दोपहर में भजनोत्सव का आयोजन हुआ। महेंद्र सलेमाबादी, यश अग्रवाल एवं सुरेश रायपुरिया-गंदर्भ रायपुरिया के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में हरी नाम संकीर्तन मंडल के प्रमुख विजय तंवर सहित सोहनलाल शर्मा, घीसूलाल सोनी, दुर्गेश माली, श्रवण भूतड़ा एवं शिखरानी अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। 'आज तुलसीजी के ब्याह की लगनिया है सखी, घर-घर मंगल' सहित विभिन्न भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। मंदिर परिसर में महिलाओं ने दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान सुरेश रायपुरिया, गौरव रायपुरिया, गंदर्भ रायपुरिया, पद्मिनी, प्रियंका, प्रियल, कृष्णा, महेंद्र सलेमाबादी, यश अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, शिरिषा अग्रवाल, संगीता द्विवेदी एवं कांतिलाल डाणी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

अजमेर में शादी का झांसा देकर महिला से रेप

पीड़िता की बेटी से की अश्लील हरकतें, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता था ब्लैकमेल



स्मार्ट हलचल

अजमेर अजमेर में एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ भी अश्लील हरकतें कीं और वीडियो बनाकर धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने महिला और उसकी बेटी के आपत्तिजनक वीडियो भी चोरी-छिपे बना लिए। बाद में इन्हीं वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर बेटी को होटल भेजने का दबाव बनाया।

मामले में पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि करीब 6 साल पहले उसकी पहचान आरोपी से हुई थी। आरोपी ने खुद को राजस्थान रोडवेज में कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसका पत्नी से तलाक हो चुका है और वह पीड़िता से शादी करना चाहता है। उसने महिला की बेटी को भी अपनी बेटी की तरह रखने और उसकी पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं।

मिठाई खाने के बाद बेहोश हुई, होश आया तो आरोपी पास में था

पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2023 में आरोपी उसे किराए के मकान पर लेकर गया। एक दिन आरोपी मिठाई लेकर आया। उसे खाने के बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर आरोपी उसके पास बिना कपड़ों के सो रहा था। इस बारे में पूछने पर आरोपी ने जल्द शादी करने का भरोसा दिलाया और पति-पत्नी की तरह रहने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब भी वह शादी की बात करती तो आरोपी टाल देता था। इस दौरान उसने कई बार किराए के मकान भी बदलवाए।

गांवों की सरकार में कांटे की टक्कर, जिला परिषद में भाजपा तो पंचायत समितियों में कांग्रेस का पलड़ा भारी

27 जिला परिषद वार्डों में भाजपा ने 14 और कांग्रेस ने 13 सीटें जीतीं, सात पंचायत समितियों के 128 वार्डों के नतीजे घोषित

स्मार्ट हलचल । अनिल खीची



ब्यावर । पंचायती राज चुनाव-2026 में ब्यावर जिले की ग्रामीण राजनीति में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जिला परिषद के चुनाव में भाजपा ने एक सीट की बढ़त के साथ बाजी मार ली, वहीं पंचायत समितियों के परिणामों में कांग्रेस ने अधिकांश क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई। जिले की सात पंचायत समितियों के 128 वार्डों की मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न होने के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने बताया कि जिला परिषद के कुल 27 वार्डों में भाजपा ने 14 तथा कांग्रेस ने 13 वार्डों में जीत दर्ज की। वहीं पंचायत समिति रास के वार्ड संख्या 16 से भाजपा प्रत्याशी रोहिताश निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। शेष वार्डों की मतगणना के बाद सभी परिणाम घोषित कर दिए गए।

जिला परिषद में एक सीट से भाजपा आगे

जिला परिषद के वार्डवार परिणामों में वार्ड 1 से पूजा गुर्जर, वार्ड 2 से रामेश्वर देवासी, वार्ड 4 से ममता गुर्जर, वार्ड 6 से गुड्डी देवी, वार्ड 7 से चेतन राम, वार्ड 8 से अशोक कुमार कुमावत, वार्ड 9 से सुगरी, वार्ड 10 से रुकमा देवी, वार्ड 11 से आत्मा प्रकाश, वार्ड 13 से प्यारी देवी, वार्ड 23 से सुरेंद्र, वार्ड 25 से मेहमद काठात तथा वार्ड 26 से बहादुर लाल गुर्जर कांग्रेस के टिकट पर विजयी रहे। वहीं भाजपा की ओर से वार्ड 3 से ज्योति चौहान, वार्ड 5 से सोनू देवी, वार्ड 12 से रेखा देवी, वार्ड 14 से निर्मला देवी, वार्ड 15 से संतोष कंवर, वार्ड 16 से मीना चौहान, वार्ड 17 से पुष्पा देवी, वार्ड 18 से कंचन कंवर, वार्ड 19 से टीकम सिंह, वार्ड 20 से ऐश्वर्या, वार्ड 21 से बिंदिया रावत, वार्ड 22 से निर्मला रावत, वार्ड 24 से महावीर तथा वार्ड 27 से हरदेव सिंह ने जीत दर्ज की।

जवाजा में भाजपा का दबदबा, जैतारण-मसूदा में कांग्रेस का परचम

पंचायत समिति चुनावों में जवाजा भाजपा का मजबूत गढ़ बनकर उभरा। यहां भाजपा ने 15 में से 12 वार्डों में जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को 2 और निर्दलीय को 1 सीट मिली। रास में कांग्रेस ने 17 में से 11 सीटें जीतकर बढ़त बनाई। जैतारण में कांग्रेस ने 13, भाजपा ने 6 और निर्दलीयों ने 2 वार्डों में जीत दर्ज की। रायपुर में कांग्रेस को 11, भाजपा को 9 तथा निर्दलीय को 1 सीट मिली। नरबदखेड़ा में कांग्रेस ने 7, भाजपा ने 6 और निर्दलीयों ने 2 सीटें हासिल कीं। बदनोर में कांग्रेस ने 8 तथा भाजपा ने 7 वार्डों में जीत दर्ज की। वहीं मसूदा में कांग्रेस ने 13, भाजपा ने 11 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने 1 वार्ड में जीत हासिल की। जिला परिषद में भाजपा की बढ़त और पंचायत समितियों में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन ने जिले की ग्रामीण राजनीति में दोनों दलों की मजबूत स्थिति सामने रखी है। चुनाव परिणामों के बाद अब पंचायत राज संस्थाओं में आगे की राजनीतिक गतिविधियों पर सबकी निगाहें रहेंगी।

नाथद्वारा में 5 से 11 दिसंबर तक होगी श्रीमद्भागवत कथा, बालयोगी ब्रह्मानंद जी महाराज करेंगे कथा वाचन



स्मार्ट हलचल

उदयपुर -नाथद्वारा,20 नवम्बर। धर्मनगरी नाथद्वारा में आगामी 5 से 11 दिसंबर 2026 तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा में राष्ट्रीय संत बालयोगी (ब्रह्मानंद) जी महाराज श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भागवत महात्म्य और भक्ति के आध्यात्मिक संदेश से भावविभोर करेंगे। आयोजन श्रीमाली ब्राह्मण समाज भवन, सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा में होगा। कथा का आयोजन सविता देवी के सौजन्य से किया जा रहा है, जबकि श्रीमती विजयबाला एवं श्री प्रवीण सुथार परीक्षित के रूप में शामिल होंगे। सात दिवसीय कथा के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 से बजे शाम 4 बजे तक बालयोगी द्वारा श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार का संदेश दिया जाएगा। कथा वाचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन होगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और इस धार्मिक आयोजन का पुण्यलाभ लेने का आह्वान किया है।

कल पोलियों रविवार, नौनिहाल गटकेंगे पोलियों रोधी दवा

जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



राजसमंद। कल रविवार 22 नवम्बर को समुचे जिले में पल्स पोलियों अभियान आयोजित किया जायेगा। पोलियों अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ जिला कलक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा सुबह 9 बजे किशोर नगर मण्डा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से नोनिहालो को पोलियों रोधी दवा पिला कर करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया की सम्पुर्ण जिलें में 1589 पोलियों बूथ बनायें गयें है, जहां सुबह 8 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक पोलियों रोधी पिलाई जायेगी। अभियान के तहत जिले में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 73 हजार 57 बच्चों को पालियों रोधी दवा पीलाई जावेगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने बताया की जिलें में अभियान की दृष्टी से 384 हाईरिस्क एरिया का चिन्हीकरण किया गया है जिसमें जैसे ईंट भट्ठो, निर्माणरत ईमारतों, खनन क्षैत्रों में विशेष ध्यान देकर बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलाई जायेगी। वहीं घुम्मकड़ जाति वाले क्षैत्रों को विशेष चिन्हीत कर अभियान के पहले दिन ही पोलियों रोधी दवा पीलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के सुचारू संचालन के लिये सभी सैक्टर पर वैक्सीनेटर्स को प्रशिक्षण एवं माईक्रोप्लान पर विस्तार से चर्चा की गई है जिससे अधिक से अधिक बच्चो को पोलियो बूथ पर पोलियो रोधी दवा पिलाई जा सके। उन्होंने बताया की बूथ पर बच्चों कों लानें वालें बूलावा टोली के बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप टॉफिया भी वितरीत की जावेंगी। अभियान के सूचारू संचालन के लियें जिले के 50 सेक्टर में 158 पर्यवेक्षक तथा 3146 वेक्सीनेटर्स नियोजित रहेंगे। जिलें में कोई भी बच्चा न छुटे इसके लिये 24 मोबाईल टीमें व 46 ट्रांजिट टीमें कार्यरत रहेगी। बस स्टेण्ड, चौराहों पर भी बच्चों को पोलियों रोधी दवा पीलाई जायेगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने बताया कि जिले में सभी पोलियों बूथ के लिये आवश्यक प्रचार व अन्य सहायक सामग्री के साथ ही पोलियों रोधी दवा पहुंचा दी गई है। अभियान के प्रचार प्रसार के लिये ब्लॉक स्तर से माईंकिंग के माध्यम से गांव - ढाणी में आम जन कों जानकारी दी जा रही है तथा आशाओं के माध्यम से बच्चों के परिजनो को पोलियों बूथ पर पोलियों रोधी दवा पिलाने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वयं सेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरीकों एवं परिजनों से अभियान में सक्रीय भुमिका निभानें का आग्रह किया है। जिला स्तर से अभियान की सूचारू संचालन एवं मोनिटरिंग के लियें क्षैत्र वार एवं ब्लॉक वार अधिकारीयों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे जिन्होने पहले भी दवा पी है उनकों दवा पीलाना आवश्यक है। परिजन अपने घर के नजदीकी पोलियों बूथ पर जा कर बच्चें को पोलियों रोधी दवा पीलावें जिससें बच्चा की जीवनभर पोलियों जैसी गम्भीर बीमारी से बचा रहे।

दो मौतों के बाद मेगा हाइवे पर बवाल, सात घंटे जाम

शव को सड़क पर रख किया प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन पर शाम साढ़े सात बजे खुला जाम

स्मार्ट हलचल



लाखेरी - उपखंड के देईखेड़ा क्षेत्र के गुहाटा गांव में गुरुवार को पैतृक जमीन के विवाद में दो लोगों की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार को मृतक के शव को देईखेड़ा पुलिस थाने के समीप मेगा हाइवे पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब सात घंटे तक हाइवे जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। परिजनों ने मृतकों के आश्रितों को संविदा पर नौकरी, विवादित जमीन पर हक दिलाने तथा आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की।देईखेड़ा थानाधिकारी रामभरोसी मीणा व वृताधिकारी नरेंद्र नागर मय जाप्ते के दिनभर जाम खुलवाने के लिये समझाइश करते रहे परन्तु परिजन उपखण्ड अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे बाद में देर शाम उपखंड अधिकारी जवाहर लाल जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय, वृत्ताधिकारी नरेंद्र नागर एवं थानाधिकारी राम भरोसी मीणा जाम स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से करीब दो घंटे तक वार्ता कर समझाइश की। वार्ता में संविदा नौकरी की मांग को छोड़कर अन्य मांगों पर सहमति बन गई, लेकिन संविदा नौकरी की समय सीमा तय करने को लेकर परिजन अड़े रहे। इससे वार्ता के बाद भी जाम नहीं खुल पाया। बाद में उपखंड अधिकारी ने जिला कलेक्टर से निर्देश लेकर संविदा नौकरी के लिए आवेदन करने पर जल्द नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर शाम करीब साढ़े सात बजे परिजन शव सड़क से हटाने और जाम खोलने पर सहमत हुए। इसके बाद मेगा हाइवे पर वाहनों का आवागमन बहाल हो सका।

कोटा उपचार के दौरान दूसरे घायल ने भी तोड़ा दम

गौरतलब है, कि गुरुवार को पैतृक जमीन को लेकर परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें हरिप्रसाद की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि गंभीर घायल रामप्रसाद ने शुक्रवार दोपहर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरे मृतक की सूचना पर परिजनों का आक्रोश बढ़ गया और हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया गया। आरोपितों को किया गिरफ्तार पुलिस ने आरोपित रामकुंवार एवं उसके पुत्र कमल उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर तलाश शुरू कर दी गई है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत ने पंचायत चुनाव में दिखाई ताकत, कांग्रेस की जीत पर इशिका जैन गदगद

संगठन की एकजुटता और जनता के समर्थन को बताया सफलता का आधार, विजयी प्रत्याशियों सहित कार्यकर्ताओं को दी बधाई

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। पंचायत राज चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस खेमे में उत्साह का माहौल है। जिले की सात पंचायत समितियों एवं जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता पर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक इशिका जैन ने खुशी जाहिर की। उन्होंने इस जीत को पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन की एकजुटता का परिणाम बताते हुए सभी पदाधिकारियों, प्रत्याशियों और समर्थकों को बधाई दी। इशिका जैन ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत और एकजुटता के साथ मैदान में उतरकर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया। कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास और आमजन के मिले समर्थन ने पार्टी को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम कार्यकर्ताओं के संघर्ष और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा का प्रमाण हैं। जैन ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम का सम्मान है। कांग्रेस आगे भी आमजन की आवाज बनकर क्षेत्र के विकास, जनहित और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसी जोश और एकजुटता के साथ जनता के बीच सक्रिय रहकर काम करने का आह्वान किया।

राजस्थान में सर्दी हुई तेज, फतेहपुर में पारा 5.5°C

10 से ज्यादा शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे, सर्द हवा से -बढ़ी ठिठुरन

जयपुर उत्तर भारत से चल रही सर्द हवा ने राजस्थान में सर्दी तेज कर दी है। शुक्रवार को राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में तापमान सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। फतेहपुर (सीकर) में पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सर्द हवा के कारण सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई। लोग अब घरों से गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे हैं। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह आसमान साफ रहने और इसी तरह की सर्दी रहने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। सुबह से देर शाम तक धूप रही। सर्द हवा के कारण अधिकांश शहरों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई।

कानपुर में सीन री -क्रिएशन से पता लगाएंगे कागज कारोबारी के बेटे के मौत की वजह, 6 वीं मंजिल से गिराएंगे पुतला

स्मार्ट हलचल



कानपुर। प्रेमिका से मिलने गए कागज कारोबारी विशाल खंडेलवाल के बेटे संभव की छठवीं मंजिल से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस वजह का पता लगाने के लिए अब रि क्रिएशन का सहारा ले रही है। इसकी लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए पुलिस संभव के वजन के बराबर का एक पुतला तैयार कर उसे 6वीं मंजिल से गिराएगी। **पुलिस** सूत्रों के अनुसार पुतले को घड़ी और चश्मा भी पहनाया जाएगा, जिससे यह पता चल सके की आखिर किन कारणों से मृतक का चश्मा और घड़ी नहीं टूटी। इसके साथ ही संभव की गर्लफ्रेंड के मामा प्रवीण उडानी और मृतक के बीच हुए झगड़े को भी जांच का प्रमुख बिंदु बनाया गया। इसके साथ ही संभव के मोबाइलों की कॉल डिटेल भी पुलिस खंगालेगी। अवगत कराते कि बीते शनिवार को संभव अपनी दोस्त सुहाना से मिलने उसके मामा प्रवीण के बिठूर स्थित रुद्रा अपार्टमेंट गया था और शाम चार बजे के आसपास छठवीं मंजिल से गिरकर उसकी मौत हो गई थी। सुहाना ने संभव के परिजन और पुलिस को बताया था कि 10 साल के छोटे भाई के साथ गेंद खेलते हुए संभव बालकनी तक पहुंच गया था और वहीं दीपक का तेल फैला हुआ था, जिसमें पैर फिसलने से संभव बालकनी से नीचे जा गिरा था। पुलिस प्रवीण, उसकी बहन, भांजी सुहाना और भांजे से दो दिन में करीब 40 सवाल कर चुकी है, लेकिन मामला हादसे से आगे नहीं बढ़ सका। बुधवार देर रात कागज कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पिता ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे का एक महीने पूर्व प्रवीण से विवाद हुआ था, जिस पर प्रवीण ने बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी थी। चल रही जांच के बीच कागज कारोबारी का आरोप था कि बेटे के मोबाइल से छेड़छाड़ की गई। इसके अलावा घटना के बाद गर्लफ्रेंड के घरवालों ने अलग-अलग बातें बताईं। पिता ने वाट्सएप चैट डिलीट करने का आरोप लगाया था। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि संभव उस दिन गर्लफ्रेंड के साथ होटल जाना चाहता था, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं थी। इसी वजह से उसने संभव को वाट्सएप पर 'डोंट कम' का मैसेज भेजा था। पुलिस सूत्रों का दावा है कि सीन रि - क्रिएशन की जाने की वजह सेकाफी हद तक सही वजह का पता चल जाएगा, जिसके आधार पर ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

सुबह कोटा जाने के लिए कई ट्रेनें, नई मेमू को शाम में रतलाम से चलाने की मांग

व्यापार संघ चौमहला ने रेलवे अधिकारियों को लिखा पत्र, दोपहर बाद रतलाम से चौमहला सहित कोटा-नागदा खंड के यात्रियों को ट्रेन नहीं मिलने से हो रही परेशानी

स्मार्ट हलचल

चौमहला। कोटा-रतलाम के बीच प्रस्तावित नई मेमू ट्रेन की समय-सारणी को लेकर व्यापार संघ चौमहला ने रेल प्रशासन से बदलाव की मांग उठाई है। व्यापार संघ ने रेलवे के जनरल मैनेजर जबलपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक कोटा को पत्र लिखकर प्रस्तावित ट्रेन को रतलाम से सुबह के बजाय शाम के समय संचालित करने का अनुरोध किया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार मेमू ट्रेन कोटा से शाम 6.35 बजे रवाना होकर रात 12.20 बजे रतलाम पहुंचेगी, जबकि वापसी में रतलाम से सुबह 5 बजे रवाना होकर 11.50 बजे कोटा पहुंचने का समय बताया जा रहा है। व्यापार संघ ने इस समय-सारणी पर आपत्ति जताते हुए यात्रियों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार संचालन समय निर्धारित करने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि सुबह के समय कोटा जाने के लिए कई ट्रेनें उपलब्ध हैं, लेकिन रतलाम से दोपहर 2 बजे के बाद चौमहला सहित कोटा-नागदा रेलखंड के स्टेशनों के लिए कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में नई मेमू ट्रेन को शाम के समय रतलाम से रवाना किया जाए, ताकि यात्रियों को दोपहर बाद एवं शाम के समय आवागमन की सुविधा मिल सके। क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से रतलाम-कोटा के बीच ट्रेन संचालन की मांग कर रहे हैं। फिरोजपुर जनता एक्सप्रेस बंद होने के बाद इस रेलखंड के यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। नई ट्रेन से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन यदि ट्रेन का संचालन सुबह के समय रतलाम से किया जाता है तो इसका लाभ क्षेत्र के यात्रियों एवं व्यापारियों को अपेक्षित रूप से नहीं मिल पाएगा। रतलाम एक प्रमुख व्यापारिक मंडी है, जहां चौमहला एवं आसपास के क्षेत्र के व्यापारी खरीदारी और व्यापारिक कार्यों के लिए नियमित रूप से पहुंचते हैं। ट्रेन शाम के समय रतलाम से रवाना होने पर क्षेत्र के लोग सुबह रतलाम पहुंचकर अपने व्यापारिक कार्य पूरे कर समय पर वापस घर लौट सकेंगे। व्यापार संघ ने रेल प्रशासन से यात्रियों की सुविधा, व्यापारिक गतिविधियों और क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित मेमू ट्रेन को रतलाम से शाम के समय संचालित करने की मांग की है।

चित्तौड़गढ़ पंचायती राज चुनाव परिणाम : जिले में कांग्रेस का ऐतिहासिक उलटफेर, जिला परिषद की 35 में से 28 और पंचायत समितियों की 199 में से 117 सीटों पर लहराया परचम

परिसीमन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस का जिला प्रमुख बनना तय, भाजपा 7 सीटों पर सिमटी; 11 पंचायत समितियों में से 7 पर कांग्रेस व 3 पर भाजपा को बहुमत, 25 नवंबर को जिला प्रमुख और 27 को चुने जाएंगे प्रधान

स्मार्ट हलचल



चित्तौड़गढ़ । पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत चित्तौड़गढ़ जिला परिषद एवं जिले की 11 पंचायत समितियों के चुनाव परिणाम शुक्रवार (20 नवंबर) को घोषित कर दिए गए। जिला मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई मतगणना में कांग्रेस ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पिछले चुनाव के समीकरणों को पूरी तरह पलट दिया है। जिले में परिसीमन के बाद बढ़ी जिला परिषद की कुल 35 सीटों में से कांग्रेस ने 28 वार्डों में एकतरफा जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महज 7 सीटों पर सिमट गई। प्रचंड बहुमत के साथ ही चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस का जिला प्रमुख बनना पूरी तरह तय हो गया है।

पिछले चुनाव का बदला पूरा गणित, 18 के बहुमत के मुकाबले कांग्रेस को मिलीं 28 सीटें

राज्य निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले पंचायती राज चुनाव में चित्तौड़गढ़ जिला परिषद की 25 सीटों में से भाजपा ने 21 और कांग्रेस ने मात्र 4 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन इस बार परिसीमन के बाद 35 वार्डों वाली जिला परिषद में बहुमत के लिए 18 सीटों की आवश्यकता थी, जिसे बड़े अंतर से पार करते हुए कांग्रेस ने 28 वार्डों पर कब्जा जमा लिया। वहीं भाजपा केवल 7 वार्डों (वार्ड संख्या 3, 14, 15, 16, 28, 33 और 34) पर ही जीत हासिल कर सकी।

वार्ड 29 में सबसे बड़ी जीत, वार्ड 27 में महज 59 वोटों से हुआ फैसला

जिला परिषद के नतीजों में कई वार्डों में रोचक मुकाबले देखने को मिले। पूरे जिले में सबसे बड़ी जीत भैंसरोड़गढ़ क्षेत्र के जिला परिषद वार्ड संख्या 29 में दर्ज हुई, जहां कांग्रेस की कन्या (14,882 मत) ने भाजपा की रामकन्या कुमारी भील (10,036 मत) को 4,846 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। दूसरी ओर, सबसे कांटे की टक्कर बड़ीसादड़ी क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 में रही, जहां कांग्रेस के प्रकाश चन्द्र मीणा (9,232 मत) ने भाजपा के शंकर सिंह (9,173 मत) को महज 59 मतों के बेहद नजदीकी अंतर से शिकस्त दी। इसी तरह निम्बाहेड़ा क्षेत्र के वार्ड 12 में कांग्रेस की मंदोदरी धाकड़ ने मात्र 262 मतों से जीत दर्ज की।

चित्तौड़गढ़ पंचायती राज चुनाव परिणाम 2026 : मुख्य तथ्य एक नजर में

जिला परिषद (कुल 35 वार्ड): कांग्रेस - 28 सीटें (स्पष्ट बहुमत) 7 भाजपा - 07 सीटें।

11 पंचायत समितियां (कुल 199 वार्ड): कांग्रेस - 117 सीटें 7 भाजपा - 79 सीटें 7 आरएलपी (राजस्थान पत्रिका) - 03 सीटें।

पंचायत समिति बोर्ड की स्थिति: 11 में से 7 पंचायत समितियों में कांग्रेस और 3 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत, जबकि 1 समिति में निर्दलीय/आरएलपी की निर्णायक भूमिका।

सबसे बड़ी जीत (जिला परिषद): वार्ड 29 से कांग्रेस की कन्या 4,846 मतों से विजयी।

सबसे नजदीकी जीत (जिला परिषद): वार्ड 27 से कांग्रेस के प्रकाश चन्द्र मीणा मात्र 59 मतों से विजयी।

आगामी चुनावी कार्यक्रम: 25 नवंबर 2026 को जिला प्रमुख तथा 27 नवंबर 2026 को पंचायत समिति प्रधानों का चुनाव होगा।

11 पंचायत समितियों के 199 वार्डों में कांग्रेस को 117, भाजपा को 79 व आरएलपी को 3 सीटें

जिला परिषद के साथ ही जिले की सभी 11 पंचायत समितियों (चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, कपासन, बेगूं, बड़ीसादड़ी, भदेसर, डूंगला, गंगरार, राशमी, भूपालसागर और भैंसरोड़गढ़) के कुल 199 वार्डों के नतीजे भी घोषित कर दिए गए हैं। इनमें कांग्रेस ने 117 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा को 79 सीटें मिली हैं। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रत्याशियों ने 3 सीटों पर जीत हासिल कर जिले में अपना खाता खोला है। दलगत स्थिति के आधार पर जिले की 11 पंचायत समितियों में से 7 पर कांग्रेस और 3 पर भाजपा का बोर्ड बनना लगभग तय माना जा रहा है।

25 नवंबर को जिला प्रमुख और 27 को चुने जाएंगे प्रधान

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, अब नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य आगामी 25 नवंबर 2026 को गुप्त मतदान के जरिए जिले के नए जिला प्रमुख का चुनाव करेंगे। इसके दो दिन बाद 27 नवंबर 2026 को सभी 11 पंचायत समितियों के नवनिर्वाचित सदस्य अपने-अपने प्रधान का निर्वाचन करेंगे। परिणामों के बाद अब दोनों ही प्रमुख दलों में जिला प्रमुख और प्रधान पद की दावेदारी को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

हर सनातनियों को तुलसी लगानी चाहिए-सैनाचार्य

भक्ति पीठ में हुआ तुलसी विवाह

स्मार्ट हलचल



पुष्कर. अजमेर अखिल भारतीय सैन भक्ति पीठ में प्रबोधनी एकादशी पर सांयकाल तुलसी विवाह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति पीठ के संस्थापक सैनाचार्य स्वामी अचलानन्दाचार्य ने कहा कि उन्होंने श्रोताओं को कहा कि हर सनातनियों को तुलसी लगानी चाहिए। इसमें कोई ऊँच नीच नहीं है । हर किसी को तुलसी लगानी चाहिए । तुलसी विवाह में बरात संन्यास आश्रम से सेन भक्ति पीठ आई ।जहां पर वधू पक्ष के माली देवी व बलजीत बुगालिया ने सैनाचार्य के सान्निध्य में अगवानी की। कार्यक्रम में जोधपुर महारानी हेमलता, प्रवक्ता हरिप्रसाद पाराशर,, शिवम् रत्नू,,समाजसेवी सुरेश बुगालिया,मोती भाई ,श्याम बाबू ,रमेश तिवारी ,बाबू सेन , सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश कुर्डिया,पन्नालाल सेन चावण्डिया आदि उपस्थित रहे ।

ब्रिक्स के अंतरराष्ट्रीय मंच पर गूंजी कोटा विश्वविद्यालय की अकादमिक आवाज, प्रो. अनुकृति शर्मा ने सतत विकास पर रखा भारत का दृष्टिकोण

दक्षिण अफ्रीका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में किया भारत का प्रतिनिधित्व, जल संरक्षण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रीन इकोनॉमी पर वैश्विक विशेषज्ञों के साथ साझा किए विचार

राजस्थान की उच्च शिक्षा को वैश्विक पहचान दिलाने में जुटीं प्रो. शर्मा, अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में सहभागिता सहित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दर्ज करा चुकी हैं प्रभावी उपस्थिति

स्मार्ट हलचल

कोटा, 20 नवंबर। राजस्थान की उच्च शिक्षा को वैश्विक अकादमिक परिदृश्य से जोड़ने की दिशा में कोटा विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी की प्रोफेसर (डॉ.) अनुकृति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स रिसर्च कॉन्फ्रेंस में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक शोध सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। पांच दिवसीय इस सम्मेलन में उन्होंने एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में सहभागिता करते हुए विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीतिगत विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत के थोहोयांडौ में 16 से 20 नवंबर तक



आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सैनिटेशन, वाटर एंड वेस्ट (ICSW²) का केंद्रीय विषय रहा। सम्मेलन में स्वच्छता, जल संसाधन, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुशासन और हरित अर्थव्यवस्था के माध्यम से सतत विकास की संभावनाओं पर व्यापक विमर्श हुआ।

वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए साझा ज्ञान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी

सम्मेलन के दौरान 'विषय पर आयोजित विशेषज्ञ पैनल चर्चा में प्रो. अनुकृति शर्मा ने विभिन्न देशों के अनुभवों, नीतिगत नवाचारों और शोध निष्कर्षों के तुलनात्मक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण और पर्यावरणीय सुशासन किसी एक देश तक सीमित चुनौतियां नहीं हैं, बल्कि इनका संबंध पूरी दुनिया के सतत भविष्य से है।

उन्होंने कहा कि विश्व आज जलवायु परिवर्तन, जल संकट, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। ब्रिक्स देश विश्व की बड़ी आबादी और तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रो. शर्मा ने भारत के अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन ने स्वच्छता एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसी प्रकार ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों में भी हरित अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय नवाचार हुए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों की भूमिका केवल अकादमिक उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। वहां होने वाला अनुसंधान समाज की वास्तविक आवश्यकताओं और वैश्विक चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान से जुड़ना चाहिए।

राजस्थान की उच्च शिक्षा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में सक्रिय भूमिका प्रो. अनुकृति शर्मा की यह अंतरराष्ट्रीय सहभागिता केवल कोटा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान की उच्च शिक्षा को वैश्विक अकादमिक नेटवर्क से जोड़ने के उनके निरंतर प्रयासों का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। वे कोटा विश्वविद्यालय में ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स तथा स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक के रूप में विश्वविद्यालयों के अंतरराष्ट्रीयकरण, वैश्विक शैक्षणिक संपर्कों, शोध सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनका मानना है कि राजस्थान के विश्वविद्यालयों को वैश्विक अकादमिक प्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शोध, बहुविषयक अध्ययन, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी पर विशेष ध्यान देना होगा।

18 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में सहभागिता, शोध और अकादमिक योगदान

प्रो. अनुकृति शर्मा की अकादमिक उपलब्धियों का दायरा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर विस्तृत है। अब तक वे भारत के बाहर आयोजित 18 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा देश में आयोजित 33 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सहभागिता कर चुकी हैं। उनके 11 शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए हैं, जबकि 22 शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में कीनोट स्पीकर, चेयर, को-चेयर और पैनल सदस्य के रूप में 18 सम्मेलनों में अपनी अकादमिक भूमिका निभा चुकी हैं।

प्रो. शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि ब्रिक्स रिसर्च कॉन्फ्रेंस जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर राजस्थान के शिक्षाविदों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग, ज्ञान साझेदारी और शैक्षणिक नवाचार के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल एक्सीलेंस के अनुरूप राजस्थान की उच्च शिक्षा को वैश्विक मंचों पर सशक्त पहचान दिलाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए विश्वविद्यालयों को स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े शोध के साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

मीट की दुकानों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

पीपीपी मॉडल पर चलेंगे एमसीडी के 13 स्टेडियम, अस्पतालों में सस्ती होंगी एमआरआई, जांच

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति ने पिछले बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन का हिसाब मांगा है। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें बताना होगा कि कितनी घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, कितनी के लिए कार्ययोजना तैयार है और कितनी पर अभी कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। इसमें पीपीपी मॉडल पर एमसीडी के 13 स्टेडियम का संचालन निजी एजेंसियों को देना। साथ ही निगम श्री स्कूलों के आवंटन और उसके मानक तैयार करना। निगम के अस्पतालों में निजी एजेंसी के



माध्यम से सस्ती दरों पर सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सुविधा को सीजीएचएस दरों से भी कम राशि जांच की सुविधा प्रदान करने जैसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुद्दा भी उठा इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली की सभी निगम पार्किंग साइटों का सर्वे कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें यह जांच की जाएगी कि पार्किंग का संचालन नियमानुसार हो रहा है या नहीं। कहीं अवैध रूप से शुल्क तो नहीं वसूला जा रहा है। सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग रोकने और जनप्रतिनिधियों को नियमानुसार निगम पार्किंग में निशुल्क सुविधा देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बैंक्वेट हाल के कारण सड़कों पर लगने वाले जाम का मुद्दा भी उठा। इस पर जोर दिया गया कि पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था वाले बैंक्वेट हाल को ही नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए। इससे सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या कम हो सकेगी।

सुधार कार्यों की योजना बनाई जाएगी

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में सफाई व्यवस्था, सामुदायिक भवनों, पार्किंग, स्कूलों के रखरखाव, आवारा कुत्तों के बंध्याकरण और जर्जर इमारतों समेत कई नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। इस दौरान आप पार्षद राफिया ने समुदायिक भवनों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया तो इस पर सत्या शर्मा निगम के सभी सामुदायिक भवनों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को जर्जर और असुरक्षित भवनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करनी होगी। सर्वे रिपोर्ट भी एक सप्ताह में मांगी गई है। इसके आधार पर मरम्मत और सुधार कार्यों की योजना बनाई जाएगी।

किरण बेदी बनेंगी देशभर के स्कूली शिक्षकों की मेंटर, अगले महीने लेंगी पहला सत्र; एनसीटीई को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। देशभर के स्कूली शिक्षकों को अब पूर्व आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी का मार्गदर्शन मिलेगा। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने उन्हें राष्ट्रीय मेंटरिंग पहल मित्र के तहत राष्ट्रीय मेंटर के रूप में शामिल किया है। इस पहल का उद्देश्य अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को जोड़कर शिक्षकों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और उनकी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षमता को मजबूत करना है।



बुधवार को एनसीटीई मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित आनलाइन सत्र में डा. किरण बेदी को औपचारिक रूप से इस पहल से जोड़ा गया। इस दौरान एनसीटीई के उप सचिव (अकादमिक) सतीश कुमार, अकादमिक सलाहकार दिनेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ शैक्षणिक सलाहकार (एनएमएम) सुनील बजाज और मित्र व पुष्टि टीम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत परिकल्पित इस पहल के माध्यम से देशभर के स्कूली शिक्षकों को संरचित और निरंतर आनलाइन संवाद के जरिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को चिंतनशील अभ्यासकर्ता और आजीवन सीखने वाला बनाना है, ताकि विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार हो सके। सत्र के दौरान डॉ. बेदी को इस मिशन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और अब तक के प्रयासों की जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने मित्र पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों, सेवानिवृत्त अधिकारियों, युवा पेशेवरों और वरिष्ठ शिक्षकों के लिए विश्वसनीय एवं सराहनीय मंच बताया। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों पर केंद्रित इसके दृष्टिकोण की प्रशंसा की। साथ ही अगले महीने इस पहल के तहत राष्ट्रीय मेंटर के रूप में अपना पहला सत्र आयोजित करने की इच्छा जताई। एनसीटीई के अनुसार, डॉ. बेदी का प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता देशभर के शिक्षकों और शिक्षाविदों को प्रेरित करेगी। उनके जुड़ने से शिक्षकों के क्षमता निर्माण और मार्गदर्शन की इस पहल को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

नीदरलैंड्स में गूंजा भारतीय संस्कृति और दिवाली का उल्लास, आईसीएआई के 'दिवाली धमाका' में जुटे 100 से अधिक भारतीय सीए परिवार



एम्स्टर्डम चैप्टर के वार्षिक आयोजन में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां,

स्मार्ट हलचल

कोटा। विदेश की धरती पर भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक एकजुटता का रंग उस समय देखने को मिला, जब द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) के नीदरलैंड्स (एम्स्टर्डम) चैप्टर की ओर से वार्षिक उत्सव 'दिवाली धमाका' आयोजित किया गया। समारोह में नीदरलैंड्स में कार्यरत 100 से अधिक भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। भारतीय संस्कृति और उत्सवी परंपराओं को समर्पित इस आयोजन में संगीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों के बीच भारतीय समुदाय ने यादगार शाम बिताई। इस वर्ष का आयोजन विशेष रहा, क्योंकि इसी दिन बाल दिवस भी मनाया गया। इसे ध्यान में रखते हुए उत्सव की शाम बच्चों को समर्पित की गई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिवारों ने संगीत, नृत्य, खेलों और पारंपरिक भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे आयोजन में भारतीय त्योहारों की आत्मीयता और पारिवारिक मेल-मिलाप की झलक दिखाई दी। आईसीएआई का नीदरलैंड्स चैप्टर यूरोप में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे की पहचान और प्रतिष्ठा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विदेशों में कार्यरत भारतीय सीए न केवल अपनी पेशेवर दक्षता से वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहे हैं, बल्कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत रखे हुए हैं। इस तरह के सामुदायिक आयोजन विदेशों में रह रहे भारतीय परिवारों को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। साथ ही, ये आयोजन वैश्विक मंच पर भारतीय वित्तीय पेशेवरों की उपलब्धियों, सामूहिक पहचान और प्रतिष्ठा को भी नई मजबूती प्रदान करते हैं।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को बड़ी राहत, लोकपाल की कार्रवाई पर दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल (एनपीसी) में पदोन्नतियों में अनियमितताओं से जुड़े मामले में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के खिलाफ लोकपाल द्वारा शुरू की गई कार्यवाही पर दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी। राजेश कुमार सिंह ने लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 की धारा- 20 (तीन) के तहत नई कार्यवाही शुरू करने के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने लोकपाल के चार मार्च 2025 और 26 अक्टूबर 2026 के आदेशों के साथ 28 अक्टूबर 2026 के नोटिस को रद करने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्यवाही कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं है और हाई कोर्ट के पहले के फैसले के विपरीत है। याचिका में कहा गया कि



शिकायत में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988 के तहत किसी अपराध का खुलासा नहीं होता। उन्होंने सीबीआइ की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उसमें उनके खिलाफ आरोप निराधार पाए गए थे। यह शिकायत एनपीसी में 28 मार्च 2023 को डिप्टी डायरेक्टर, डायरेक्टर ग्रेड-दो, डायरेक्टर ग्रेड-एक और डिप्टी डायरेक्टर जनरल जैसे ग्रुप-ए पदों पर हुई पदोन्नतियों से संबंधित है। शिकायत में आरोप है कि पदोन्नति प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी की गई और उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। इसके साथ ही साक्षात्कार के अंकों को मनमाने ढंग से महत्व दिया गया। जांच के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई थी। समिति ने प्रक्रियात्मक कमियों की ओर इशारा करते हुए प्रक्रिया की समीक्षा सहित कई सिफारिशें कीं।

दिल्ली में एसआईआर के बीच सीईओ अशोक कुमार का जम्मू-कश्मीर तबादला, वोटर लिस्ट रिवीजन के बीच फैसला

30 जून से शुरू हुआ अभियान, 47.56 लाख नाम हटाए जाने पर विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अशोक कुमार का तबादला जम्मू-कश्मीर कर दिया गया है। 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अशोक कुमार ने 13 फरवरी 2026 को दिल्ली के सीईओ का कार्यभार संभाला था। इस तरह करीब 9 महीने के कार्यकाल के बाद ही उनकी जिम्मेदारी बदल दी गई है।



अशोक कुमार के नेतृत्व में ही दिल्ली में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 30 जून से शुरू हुए इस अभियान के तहत 17 अगस्त तक मतदाताओं को एन्युमरेशन फार्म बांटने और जमा कराने का काम किया गया।

इसके बाद 31 अगस्त को जारी मसौदा मतदाता सूची में करीब 47.56 लाख नाम हटाए जाने से राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में विवाद खड़ा हो गया था। दिल्ली के करीब 1.45 करोड़ मतदाताओं में से हटाए गए इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट जैसी श्रेणियों में रखा गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी विचाराधीन है। आपत्तियां दर्ज करने का काम जारी फिलहाल सीईओ कार्यालय की ओर से हटाए गए मतदाताओं के सत्यापन और उन्हें दोबारा सूची में शामिल करने की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इसके साथ ही दावे और आपत्तियां दर्ज करने का काम भी जारी है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 25 नवंबर तक फार्म-6 भरा जा सकता है। अंतिम मतदाता सूची 22 दिसंबर को जारी होनी है। हालांकि, सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अशोक कुमार का तबादला एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ा नहीं है। दिल्ली का सीईओ बनने से पहले वह दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग में सचिव थे। उनके पास श्रम विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी था।

बाइक की टक्कर से भट्ठा संचालक की मौत, तीन युवक घायल

दरियामऊ के पास पीछे से बाइक ने मारी टक्कर, प्रयागराज के अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम

स्मार्ट हलचल

खखरेरू/फतेहपुर थाना क्षेत्र के दरियामऊ गांव के पास गुरुवार शाम दो बाइकों की भिड़ंत में ईंट भट्ठा संचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरू पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन उन्हें प्रयागराज के जागृति अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान शाम करीब 6:30 बजे उनकी मौत हो गई। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, गुरगौला गांव निवासी अतर सिंह (62) पुत्र भोरेलाल ईंट भट्ठा संचालक थे। गुरुवार शाम करीब चार बजे वह अपने भट्ठे से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान किशनपुर कस्बे के रहने वाले राजेंद्र (17), पप्पू (18) पुत्र जयचंद्र और सचिन (17) पुत्र अवधेश एक ही बाइक पर सवार होकर खखरेरू थाना क्षेत्र के गेरिया चौराहे की ओर जा रहे थे। बताया गया कि दरियामऊ के पास स्थित ईंट भट्ठे के नजदीक दूसरी बाइक ने अतर सिंह की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अतर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी खखरेरू पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें मंझनपुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें प्रयागराज के जागृति अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अतर सिंह की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया था। बाद में रास्ते में ही उनकी मौत होने की सूचना मिली। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



स्टार्टअप फेल हुआ तो बने लुटेरे, 2 पूर्व मैनेजर और 4 टेली कॉलर अरेस्ट, हाईवे पर लोगों को बनाते थे निशाना

नईदिल्ली, एजेंसी। एक ही स्टार्टअप में साथ काम किया, फिर खुद का कारोबार शुरू करने के लिए नौकरी छोड़ दी। लेकिन कारोबार नहीं चला तो कमाई के लिए छह युवकों ने अपराध का रास्ता चुन लिया। दो पूर्व मैनेजर और चार टेली कॉलर ने मिलकर हाईवे पर कार सवार परिवारों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। 14 नवंबर की रात महिपालपुर फ्लाईओवर के पास गुरुग्राम के एक परिवार के साथ लूटपाट और मारपीट की वारदात के बाद वसंत कुंज दक्षिण थाना पुलिस ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया है कि वारदात में इस्तेमाल कार के चार चालान लंबित हैं। इनमें दो तेज रफ्तार और दो गलत पार्किंग के हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान ऋषिकेश तिवारी, दुर्वेश शर्मा, सुमित सिंह, प्रिंस मावी, रितेश चौधरी और सचिन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच के मुताबिक, ऋषिकेश और दुर्वेश एक स्टार्टअप में मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर थे, जबकि बाकी चार टेली कॉलर के तौर पर काम करते थे। इसी दौरान सभी की जान-पहचान हुई। बाद में दोनों ने नोएडा में फाइनेंसलो नाम से अपना स्टार्टअप शुरू किया और बाकी साथी भी इससे जुड़ गए। हालांकि, कारोबार में सफलता नहीं मिली। इसके बाद



सभी ने मिलकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। 14 नवंबर की रात आलोक कुमार सिंह पत्नी और दो बेटों के साथ गुरुग्राम से लौट रहे थे। महिपालपुर फ्लाईओवर के पास आरोपितों ने उनकी कार रुकवाकर परिवार को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान महिला के गहने लूट लिए और आलोक को कार से कुचलने की कोशिश की। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार, शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। जांच में वारदात में इस्तेमाल कार का नंबर मिला, जिसके आधार पर आरोपितों तक पुलिस पहुंची।

दिल्ली में यमुना के 52 किमी हिस्से के पुनरुद्धार पर होगा मंथन, डीडीए आयोजित करेगा यमुना संवाद

नई दिल्ली, एजेंसी। यमुना के कायाकल्प की योजनाओं को अब ठोस कार्ययोजना और जवाबदेही के ढांचे में ढालने की तैयारी है। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शुक्रवार को बांसेरा में यमुना संवाद आयोजित करेगा। एलजी तरनजीत सिंह संधू इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों, सरकारी एजेंसियों, वैज्ञानिक संस्थानों, शहरी योजनाकारों और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों के बीच यमुना के पुनरुद्धार पर मंथन होगा। चर्चा का केंद्र दिल्ली में यमुना का 52 किमी लंबा शहरी हिस्सा और उसका बाढ़ क्षेत्र रहेगा। संवाद के छह सत्रों से निकलने वाली सिफारिशों को प्रस्तावित दिल्ली यमुना रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। इसमें प्राथमिकता वाले कार्यों, संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारियों, संभावित साझेदारियों और क्रियान्वयन की रूपरेखा तय करने का प्रयास होगा। इस संवाद का उद्देश्य यमुना को केवल नदी के रूप में नहीं, बल्कि उससे जुड़े बाढ़ क्षेत्र, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ विकसित करने की रणनीति तैयार करना है। डीडीए के अनुसार, इसके लिए छह विषयों पर अलग-अलग सत्र होंगे।

इनमें नदी प्रबंधन की व्यवस्था, बाढ़ क्षेत्र की योजना और पारिस्थितिकीय उपाय, जल गुणवत्ता एवं जल निकासी, घाटों का विकास और नदी से लोगों का जुड़ाव, सतत वित्तपोषण तथा नई तकनीक और अनुसंधान शामिल हैं। डीडीए के मुताबिक, यमुना के बाढ़ क्षेत्रों में 1700 हेक्टेयर से अधिक जमीन पर सक्रिय पुनर्स्थापन कार्य किया जा रहा है। अब तक 35 आर्द्रभूमियों को पुनर्जीवित करने और सात लाख से अधिक देशज वृक्ष लगाने का दावा किया गया है। इसके अलावा, करीब 88 हजार मीट्रिक टन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट हटाया गया है। डीडीए के अनुसार, असिता में पक्षियों की दर्ज प्रजातियों की संख्या 63 से बढ़कर करीब 200 हो गई है।



कोलेस्ट्रॉल को दिल के पास पहुंचने से रोकते हैं 5 फूड

बाहर की चीजें खाना, ज्यादा तला-भुना खाना, एक्सरसाइज न करना और सेडेंटरी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों में कई तरह की बीमारियां हो रही हैं, जिनमें से सबसे कॉमन बीमारी है कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना। तो जानिए 5 ऐसी चीजों के बारे में, जो आपका बेड कोलेस्ट्रॉल कम करने में बेहद फायदेमंद हैं।

दिल तक नहीं पहुंचेगा कोलेस्ट्रॉल

दिल की बीमारियों का सीधा संबंध कोलेस्ट्रॉल से है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। खानपान में थोड़ा सा बदलाव करके आप शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को घटाकर गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ा सकते हैं।

ऑलिव ऑयल

कोलेस्ट्रॉल सबसे ज्यादा तेल की वजह से बढ़ता है। ऑलिव ऑयल के इस्तेमाल से सामान्य तेल के मुकाबले कई प्रतिशत तक कोलेस्ट्रॉल कम किया जा सकता है।

ओट्स



ओट्स में फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और इसमें बीटा ग्लूकॉन भी होता है, जो आंतों की सफाई करता है और कब्ज से राहत दिलाता है। नियमित तौर पर नाश्ते में ओट्स खाने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल को लगभग 6 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

मछली


मछली में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है। स्वस्थ रहने के लिए सप्ताह में दो बार स्टीम्ड या ग्रिल्ड मछली खा सकते हैं।


ग्रीन टी

ग्रीन टी कोलेस्ट्रॉल को कम करने में काफी सहायक होती है।

अलसी

अलसी के बीज कोलेस्ट्रॉल को कम करने में काफी मददगार होते हैं। बेहतर होगा कि आप साबुत बीज की जगह पर पिसे हुए बीज का सेवन करें।






थाइरॉयड का कोई स्थायी इलाज नहीं, कंट्रोल रखकर ही रह सकते हैं स्वस्थ

थाइरॉयड एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। दुर्भाग्यवश इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज नहीं है। इसे सिर्फ कंट्रोल रखकर ही स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। थाइरॉयड एक हार्मोन होता है जिसे आपकी थाइरॉयड ग्रंथि बनाती है। इस हार्मोन के ज्यादा या कम बनने से आपके शरीर में कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

हाइपरथायरायडिज्म वो स्थिति है जिसमें यह हार्मोन ज्यादा बनता है जबकि हाइपोथायरायडिज्म वो स्थिति है जिसमें ग्रंथि बहुत कम या इस हार्मोन को बनाना ही बंद कर देती है। थाइरॉयड को कंट्रोल रखने के लिए डाइट का ध्यान रखना जरूरी है। घर में आसानी से मिलने वाले कुछ खाद्य पदार्थ जो थाइरॉयड को कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

कद्दू के बीज



कद्दू के बीज जिंक का एक बढ़िया स्रोत हैं, जो T4 को एक्टिव T3 में बदलने के लिए जरूरी हैं। अगर आप थाइरॉयड के मरीज हैं, तो आपको इसे डाइट में शामिल करना चाहिए।

राजगीरा

राजगीरा सेलेनियम का एक बढ़िया स्रोत है, जो T4 को T3 में बदलने के लिए जरूरी है, क्योंकि डिओडिनेज एंजाइम (ऐसे एंजाइम जो T4 से आयोडीन एटॉमस को हटाते हैं) सेलेनियम पर निर्भर होते हैं।

दही

दही भी आयोडीन का एक बड़ा स्रोत है। यह एक प्रोबायोटिक सुपरफूड भी है, जो आंतों के स्वास्थ्य को भी बनाए रखता है। यह जरूरी है क्योंकि कई थायरॉयड समस्याएं ऑटोइम्यून बीमारी के कारण होते हैं। ध्यान रहे कि इम्यून पावर को ठीक करने के लिए जरूरी है कि पहले आप आंतों को ठीक करें।

करी पत्ता

करी पत्ता कॉपर का एक अच्छा स्रोत है जो थायरोक्सिन हार्मोन टी4 के उत्पादन को बढ़ाता है और शरीर के कैल्शियम लेवल को कंट्रोल करके ब्लड सेल्स में टी4 के अधिक अवशोषण को रोकता है।

सब्जा या तुलसी के बीज



सब्जा के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं जो अच्छे मेटाबॉलिज्म को बनाए रखते हैं। इतना ही नहीं, यह छोटे-छोटे बीज थायरॉयड ग्रंथि के कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

मूंग दाल

मूंग दाल बीन्स की तरह आयोडीन प्रदान करता है और मूंग के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे सभी बीन्स में पचाने में सबसे आसान हैं। यही वजह है कि यह थायराइड के लिए सबसे बेस्ट फूड है।

अनार

अनार में पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो शरीर से मुक्त कणों को हटाने में मदद करते हैं, जिससे सूजन कम होती है। अनार के सेवन से आपकी थायरॉयड ग्रंथि के कामकाज को बढ़ावा मिलता है।





गंभीर बीमारी की जड़ है बैठकर काम करना

तकनीक ने जीवन आसान बना दिया है। अब किसी काम को करने के लिए ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं करनी पड़ती। लेकिन ये आराम नुकसानदायक भी हो सकता है। क्योंकि, इसने हमारे बैठे रहने के समय को बढ़ा दिया है और साथ में सिटिंग जॉब से गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट और हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया कि बैठे रहना धूम्रपान जितना खतरनाक है। इससे 34 से ज्यादा बीमारी हो सकती हैं, जिन्हें सिटिंग डिजीज कह सकते हैं। ये बीमारी इतनी खतरनाक हैं कि एक बार होने के बाद पीछा नहीं छोड़ती।

एक दिन में ज्यादा देर तक बैठे रहने से कई सारी खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। इन से बचने के लिए एक्सपर्ट ने कुछ काम के टिप्स दिए हैं।

सिटिंग डिजीज क्या है?

ज्यादा देर तक बैठे रहने से 34 से ज्यादा बीमारी हो सकती हैं। जो कि लाइफस्टाइल से जुड़ी हैं, कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार हैं।

- हार्ट डिजीज
- टाइप 2 डायबिटीज
- हाई बीपी
- बेली फैट
- हाई कोलेस्ट्रॉल
- अपच
- कब्ज, आदि

एक्सरसाइज से भी नहीं पड़ता असर

अगर आप सोचते हैं कि एक्सरसाइज करने से इन बीमारियों से बचा जा सकता है तो गलत हैं। अंजलि मुखर्जी के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद भी ये बीमारी हो सकती हैं। क्योंकि, दिन के बाकी समय में हम बैठे ही रहते हैं। इसलिए इन बीमारियों का खतरा बिल्कुल खत्म नहीं हो जाता।

इतने घंटे बैठने से बचें

जो लोग 7-8 घंटे की सिटिंग जॉब करते हैं और उसके साथ 2-3 घंटे ट्रेवलिंग में बिताते हैं तो उनके बैठे रहने की अवधि 10 घंटे से ज्यादा हो जाती है। अंजलि मुखर्जी के मुताबिक, शोध कहता है कि एक दिन में 10 घंटे से ज्यादा बैठने से दिल की बीमारी और अन्य दिक्कतों का खतरा बढ़ सकता है।

ये टिप्स आएंगे काम

- अगर संभव हो तो स्टैंडिंग डेस्क का इस्तेमाल करें।
- संभव हो तो वॉल्किंग मिटिंग करें।
- काम के बीच में स्ट्रेचिंग करें।
- रोजाना डीप ब्रीदिंग करें।
- 20 मिनट बैठने के बाद 8 मिनट खड़े रहने और 2 मिनट चलने की कोशिश करें।

आप फेफड़ों को तंदुरुस्त रखना चाहते हैं तो शंख बजाएं

आयुर्वेद और विज्ञान की माने तो शंखनाद से सकारात्मक ऊर्जा का सर्जन होता है जिससे आत्मबल में वृद्धि होती है। शंख में प्राकृतिक कैल्शियम, गंधक और फास्फोरस की भरपूर मात्रा होती है। शंख से मुख के तमाम रोगों का नाश होता है। ऑक्सीजन लेवल को बढ़ाने के लिए ब्रीदिंग एक्सरसाइज और प्रोन पोजिशन को एक बेहतर विकल्प माना जा रहा है तो वहीं अगर आप फेफड़ों को तंदुरुस्त रखना चाहते हैं तो शंख बजाना आपके लिए आसान तरीका हो सकता है।

- यदि आप पूजा स्थान पर रखे शंख को पूजा के अलावा अपने आप को स्वस्थ रखने हेतु प्राणायाम के साथ इस्तेमाल करते हैं तो आप दीर्घायु रह सकते हैं।
- शंख बजाने से हृदयाघात, रक्तचाप की अनियमितता, दमा, मंदाग्नि, शुगर, पेट संबंधित में लाभ होता है।
- शंख बजाने से फेफड़े पुष्ट होते हैं। प्रतिदिन शंख फूंकने वाले को गले और फेफड़ों के रोग नहीं होते।
- शंख में पानी रखकर पीने से मनोरोगी को लाभ होता है, उत्तेजना कम होती है।
- शंख की ध्वनि से दिमाग व स्नायु तंत्र सक्रिय रहता है।
- शंख बजाने से योग की 3 क्रियाएं एकसाथ होती हैं- कुंभक, रेचक, प्राणायाम।
- शंख की ध्वनि से नकारात्मक शक्तियां भी दूर होती हैं।
- शंख वादन से स्मरण शक्ति बढ़ती है।
- शंख बजाने से चेहरे, श्वसन तंत्र, श्रवण तंत्र तथा फेफड़ों का व्यायाम होता है।
- अगर आपको खांसी, दमा, पीलिया, ब्लडप्रेशर या दिल से संबंधित मामूली से लेकर गंभीर बीमारी है तो इससे छुटकारा पाने का एक सरल-सा उपाय है। शंख बजाइए और रोगों से छुटकारा पाइए।



साइटिका के दर्द से परेशान हैं तो जरूर करें गोमुखासन



साइटिका का दर्द पैरों में नसों में दबाव पड़ने के कारण होने वाला दर्द है, जो कमर से संबंधित नसों में सूजन का कारण भी बन सकता है। साइटिका का दर्द होने पर चलने फिरने या पैरों को मोड़ने में समस्या हो सकती है। वहीं कंधे के आस-पास के नसों में खिंचाव होने के कारण कंधे में भी दर्द होने लगता है। शरीर के इन दोनों ही हिस्सों पर दर्द होने के कारण आपको काम करने में समस्या होना आम बात है। इंस्टाग्राम पेज पर योग प्रशिक्षक ने एक वीडियो शेयर कर साइटिका और कंधे के दर्द से राहत पाने के लिए गोमुखासन करने की सलाह दी है। गोमुखासन तीन शब्दों से मिलकर बना है, गो-मुख-आसन जहां गो का अर्थ गाय है, मुख का अर्थ चेहरे से है और आसन का अर्थ मुद्रा है। मुड़े हुए पैर गाय के मुंह की आकृति बनाते हैं जबकि कोहनियां गाय के कान की तरह दिखती हैं। इसलिए, इसे आमतौर पर गाय-मुख मुद्रा के रूप में जाना जाता है।

गोमुखासन करने का तरीका क्या है

- अपने पैरों को जमीन पर फैलाकर बैठ जाएं और दंडासन या स्टाफ पोज से शुरुआत करें।
- अब अपने पैरों को खोलें और फिर घुटनों को मोड़ लें।
- अपने बाएं पैर को अपने दाएं हिप्स के पास ले जाएं।
- अब अपने दाहिने पैर को अपने बाएं कूल्हे के पास ले जाएं।
- इस दौरान आपका दाहिना घुटना आपके बाएं घुटने के ऊपर होना चाहिए।
- इस प्रक्रिया के दौरान सांल लें और अपने दाहिने हाथ को छत की ओर सीधी स्थिति में रखें।
- सांस छोड़ें और अपनी कोहनी को ऊपर की ओर मोड़ें और दाहिने हाथ को पीछे की ओर लाएं।
- अब अपने बाएं हाथ को पीछे की ओर मोड़ कर अपने पीठ के केंद्र को छूते हुए कोहनी को धीरे से जमीन की ओर झुकाएं।
- पीठ के पीछे से अपने हाथों को एक साथ पकड़ने की कोशिश करें और जितना संभव हो सकें उंगलियों को मिलाएं।
- अगर हाथों को पकड़ना मुश्किल हो तो स्ट्रैप या बेल्ट को आप प्रोप की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अपनी रीढ़ को सीधी स्थिति में रखें और अपने सिर को आगे की ओर झुकने से बचाए।
- साइटिका और कंधे के दर्द से राहत पाने के लिए इस आसन का अभ्यास रोजाना करें।

गोमुखासन करने के क्या फायदे हैं

- गोमुखासन हिप्स को फैलाता है, जो साइटिका नर्व पर दबाव को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे साइटिका के दर्द को कम किया जा सकता है।
- यह आसन कंधों को खोलने में मदद करता है, जिससे जकड़न दूर होती है और कंधे के दर्द से आराम मिलता है।
- गोमुखासन आपकी छाती को खोलकर पोश्चर में सुधार करता है और कंधों के तनाव से राहत देता है।
- यह मुद्रा रीढ़ की हड्डी को सही रखने में मदद करती है, जो रीढ़ की हड्डी में होने वाली असुविधा को कम कर सकती है।
- गोमुखासन के नियमित अभ्यास से हिप्स, कंधों और रीढ़ का लचीलापन बढ़ता है, जिससे शरीर के इन हिस्सों में होने वाली असुविधा को कम करने में मदद मिलती है।
- गोमुखासन शरीर के मांसपेशियों की ताकत को संतुलित करने में मदद करता है, किसी भी असंतुलन को दूर करता है जो दर्द का कारण बन सकता है।
- गोमुखासन का अभ्यास आपके साइटिका और कंधे के दर्द से राहत दिला सकते हैं, लेकिन ध्यान रहे अगर आप इसे पहली बार कर रहे हैं तो किसी एक्सपर्ट की निगरानी में ही करें।

महेला जयवर्धने बने जीएमआर स्पोर्ट्स में क्रिकेट डायरेक्टर

डब्ल्यूपीएल का कामकाज देखेंगे

नई दिल्ली । श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को जीएमआर स्पोर्ट्स ने क्रिकेट डायरेक्टर बनाया है। जयवर्धने इस भूमिका में विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी, आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स और द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के क्रिकेट



कामकाज देखेंगे। जीएमआर स्पोर्ट्स क्रिकेट टीम के पोर्टफोलियो में, जयवर्धने क्रिकेट ऑपरेशन, टैलेंट की पहचान, प्लेयर डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस मैनेजमेंट पर स्ट्रेटेजिक डायरेक्शन देंगे और हर फ्रेंचाइजी में लीडरशिप, हेड कोच और क्रिकेट मैनेजमेंट टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे। वह हैम्पशायर के क्रिकेट डायरेक्टर जाइल्स व्हाइट के साथ भी काम करेंगे, ताकि ग्रुप की टीमों के बीच नॉलेज, एक्सपर्टीज और बेस्ट प्रैक्टिस साझा कर सकें। इस नियुक्ति से डब्ल्यूपीएल जीतने की कोशिश कर रही दिल्ली कैपिटल्स को मजबूती मिलेगी। दिल्ली कैपिटल्स 2023 में शुरू हुए डब्ल्यूपीएल की पांच फाउंडिंग टीमों में से एक है। अब तक टूर्नामेंट के सभी चार एडिशन में फाइनल में पहुंची टीम हर बार रनर-अप रही है। अपनी नियुक्ति के बाद जयवर्धने ने शनिवार को दिए एक बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की एक मजबूत पहचान है और महिला क्रिकेट के भविष्य के लिए एक रोमांचक विजन है। मुझे डब्ल्यूपीएल टीम के लिए क्रिकेट डायरेक्टर का रोल निभाने में बहुत खुशी हो रही है। इस कॉम्पिटिशन में महिलाओं के खेल के भविष्य को आकार देने की बहुत ज्यादा क्षमता है। मैं टैलेंटेड खिलाड़ियों के एक स्थापित ग्रुप और एक अनुभवी सपोर्ट टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

वेलिंगटन टेस्ट: दूसरे दिन का खेल समाप्त
भारत का स्कोर 1 विकेट पर 159 रन

जायसवाल शतक से चूके



निकोलस 113

वेलिंगटन । भारत ने बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति के समय 1 विकेट के नुकसान पर 159 रन बना लिए थे। केएल राहुल 52 और देवदत्त पडिक्कल 16 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत की तरफ से पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की। शुरुआत धीमी रही, लेकिन एक बार लय मिलने के बाद भारतीय ओपनरों ने मैदान के चारों ओर रन बनाए। जायसवाल बेहद आक्रामक रहे। बाएं हाथ का यह युवा सलामी बल्लेबाज शतक से चूक गया। जायसवाल 89 गेंदों पर 16 चौकों की मदद से 85 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल को मैट हेनरी ने आउट किया। आउट होने से पहले इस खिलाड़ी ने पहले विकेट के लिए केएल राहुल के साथ 27.5 ओवर में 130 रन की साझेदारी कर भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत दी। केएल राहुल 116 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं, जबकि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए पडिक्कल 35 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 16 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 29 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारतीय टीम न्यूजीलैंड की पहली पारी के स्कोर से अभी भी 209 रन पीछे है।

इससे पहले दूसरे दिन की शुरुआत न्यूजीलैंड ने 5 विकेट पर 243 रन से की थी। और ग्लेन फिलिप्स 94 रन बनाकर नाबाद थे। फिलिप्स ने शानदार शतक लगाया। वह 216 गेंदों पर 118 रन बनाकर आउट हुए। फिलिप्स और निकोलस ने छठे विकेट के लिए 216 रन की साझेदारी की।

फिलिप्स का विकेट गिरने के बाद भी निकोलस ने एक छोर थामे रखा और नाथन स्मिथ (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 32, काइल जैमिसन (11) के साथ आठवें विकेट के लिए 25 और जैकब डफी (4) के साथ दसवें विकेट के लिए 20 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 368 रन तक पहुंचाया। हेनरी निकोलस 335 गेंदों पर 21 चौकों की मदद से 175 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट, आकाशदीप ने 3 विकेट, अंशुल कंबोज ने 2 विकेट और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिया। वॉशिंगटन सुंदर को विकेट नहीं मिला।

ग्लेन फिलिप्स ने की रोहित शर्मा की बराबरी

हासिल की असाधारण उपलब्धि

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ने वेलिंगटन में भारत के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन (शुक्रवार) शतक लगाया। फिलिप्स ने 118 रन की पारी खेली। इस शतक के साथ ही फिलिप्स ने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ग्लेन फिलिप्स एक ही कैलेंडर ईयर में भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। एक ही कैलेंडर ईयर में किसी टीम के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले फिलिप्स दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं। इससे पहले यह कीर्तिमान भारत



के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी हासिल कर चुके हैं। फिलिप्स ने जनवरी 2026 में इंदौर में भारत के खिलाफ हुए वनडे में 106 रन की पारी खेली थी। वहीं, भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू टी20 सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने 107 रन बनाए थे। मौजूदा टेस्ट में खेली गई 118 रन की पारी से उन्होंने एक कैलेंडर ईयर में एक ही टीम के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने की उपलब्धि हासिल की। रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ तीनों ही फॉर्मेट में शतक लगाया था। उस समय वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज थे। ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के लिए एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर उभरे हैं, और भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा से शानदार रहा है। फिलिप्स ने भारत के खिलाफ 4 टेस्ट मैचों की 6 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक की मदद से 232 रन बनाए हैं। वहीं, 16 वनडे की 12 पारियों में 1 शतक की बदौलत 342 रन बनाए हैं। टी20 फॉर्मेट में फिलिप्स का प्रदर्शन और भी प्रभावशाली है। भारत के खिलाफ 22 टी20 मैचों की 20 पारियों में 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 657 रन बनाए हैं।

निकोलस 175 पर नाबाद रहे, फिलिप्स ने भी लगाया शतक

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बनाए 368 रन

वेलिंगटन। भारत के खिलाफ बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के दूसरे सेशन में न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए हेनरी निकोलस और ग्लेन फिलिप्स ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 243 रन से की थी।

निकोलस 113 और ग्लेन फिलिप्स 94 रन पर नाबाद थे। फिलिप्स ने शानदार शतक लगाया। आकाशदीप की गेंद पर बोल्ड होने से पहले फिलिप्स ने 216 गेंदों पर 118 रन बनाए। फिलिप्स और निकोलस ने छठे विकेट के लिए 216 रन की अहम साझेदारी कर स्कोर को 286 तक पहुंचाया। फिलिप्स का विकेट गिरने के बाद भी निकोलस ने एक छोर थामे रखा और नाथन स्मिथ (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 32, काइल जैमिसन (11) के साथ आठवें विकेट के लिए 25 और जैकब डफी (4) के साथ दसवें विकेट के लिए 20 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 368 रन तक पहुंचाया।

हेनरी निकोलस 335 गेंदों पर 21 चौकों की मदद से 175 रन बनाकर नाबाद रहे। निकोलस का यह 12वां टेस्ट शतक है और इस वेन्यू पर लगाया 5वां शतक है।

हांगकांग ओपन 2026

सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, रक्षिता बाहर

हांगकांग । भारत की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी की जोड़ी को हराकर हांगकांग ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय जोड़ी ने चीनी जोड़ी को 21-12, 13-21, 21-16 से हराकर जीत दर्ज की। वे दूसरा गेम हार गए, लेकिन वापसी करते हुए तीसरा गेम जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारतीय जोड़ी ने 13 मिनट में 21-12 से पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा कड़ा था और 4-4 की बराबरी के बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। फिर स्कोर 9-9



से बराबर हो गया। हू और लिन ने 13-11 से बढ़त बनाई और 15-11 पर पहुंचने के बाद इसे 21-13 से जीत लिया। भारतीयों ने तीसरे गेम में जबरदस्त वापसी की और इंटरवल तक 11-7 से आगे थे। उन्होंने जीत का सिलसिला बनाए रखा और 15-9 तथा 17-10 से आगे हो गए। हालांकि, चीनी जोड़ी ने आखिर में वापसी की कोशिश की, लेकिन सात्विक और चिराग ने अपना संयम बनाए रखते हुए गेम 21-16 से जीतकर आखिरी चार में जगह बनाई।

दूसरी ओर, भारत की रक्षिता रामराज महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गईं। 19 साल की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, जिसमें स्कोर 13-13 से बराबर रहा। चोचुवोंग 17-15 से आगे हो गईं, लेकिन रक्षिता ने वापसी करते हुए 17-17 से बराबरी कर ली। हालांकि, थाई शटलर ने धैर्य बनाए रखते हुए 21-19 से गेम जीत लिया।

रियल मैड्रिड ने ऑरेलियन टचौमेनी के साथ 6 साल का नया करार किया

मैड्रिड। स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड ने फ्रांसीसी मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के साथ अपना करार जून 2032 तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही क्लब ने अपने एक अहम खिलाड़ी को लंबे समय के लिए साथ बनाए रखा है। स्पेनिश क्लब ने गुरुवार को इस करार के विस्तार की घोषणा करते हुए पुष्टि की है कि यह मिडफील्डर अगले छह साल तक सैंटियागो बर्नाबेउ (रियल मैड्रिड का स्टेडियम) में बना रहेगा। टचौमेनी 2022 में फ्रांसीसी क्लब एएस मोनाको से रियल मैड्रिड में शामिल हुए थे। उन्होंने पिछले पांच सीजन में 205 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान क्लब के साथ आठ ट्रॉफियां जीतीं। उनकी जीती गई ट्रॉफियों में एक यूईएफए चैंपियंस लीग, दो फीफा क्लब वर्ल्ड कप, दो यूईएफए सुपर कप, एक ला लीगा खिताब, एक कोपा डेल रे और एक स्पेनिश सुपर कप शामिल हैं।



उस्मान ख्वाजा 'सबसे बड़े गद्दार'

सैंडपेपरगेट खुलासे के बाद पूर्व दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज का बयान

पर्थ । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज फैनी डिविलियर्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर उस्मान ख्वाजा को खेल का 'सबसे बड़ा गद्दार' कहा है। फैनी का यह बयान उस्मान ख्वाजा की नई किताब 'सब्र' में 2018 के बॉल-टैम्परिंग स्कैंडल के ज़िक्र और उसे लेकर हो रहे विवाद के बाद आया है। ख्वाजा ने अपनी किताब 'सब्र' में दावा किया है कि 2018 में केपटाउन में हुए सैंडपेपरगेट मामले की जानकारी पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को थी। फैनी डिविलियर्स ने इस मामले के सामने आने के बाद उस्मान ख्वाजा पर तीखा हमला करते हुए उन्हें 'सबसे बड़ा गद्दार' कहा है। पर्थ स्थित एक एफएम चैनल से बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा, 'मैं ऑन रिकॉर्ड कहना चाहता हूं कि ख्वाजा शायद सबसे बड़ा गद्दार है, जिसे मैंने पिछले 40-50 वर्षों में खेल खेलते हुए देखा है। उसने हर एक कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ा है, जिसके बारे में कोई सोच सकता है। उसने अपने साथी खिलाड़ियों को बेच दिया है। यह सही या गलत के बारे में नहीं है। गलत को पहले ही हैंडल किया जा चुका है। यह पहले से ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का हिस्सा रहा है। दुख की बात है कि ऐसा हुआ। इस आदमी ने सब कुछ फिर से सामने ला दिया है।' डिविलियर्स ने कहा, 'ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को एक बार फिर बदनाम किया है। उसने दोस्ती तोड़ी है और टीम के अंदर जो कोड ऑफ कंडक्ट होता है, उसे भी तोड़ा है। उसने वह सब कुछ गलत किया है, जिसके बारे में कोई सोच सकता है।'



ख्वाजा की किताब प्रकाशित होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के अलग-अलग बयानों ने विवाद को और गहरा कर दिया है। पूर्व सलामी बल्लेबाज और उस टेस्ट का हिस्सा रहे डेविड वॉर्नर ने ख्वाजा के दावों का समर्थन किया है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ख्वाजा के दावों को बकवास करार दिया था। मिचेल स्टार्क ने भी इस मामले पर अपने पुराने बयान को ही दोहराया है, जिसमें ख्वाजा के दावों से सहमति नहीं जताई गई है।

इन सबके बीच उस विवाद का सबसे बड़ा चेहरा रहे कैमरन बैनक्रॉफ्ट ने द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में छपे 4,497 शब्दों के एक लेख में कहा है कि यह झूठ है कि कमिंस और टीम को सैंडपेपरगेट मामले की जानकारी नहीं थी। बैनक्रॉफ्ट का बयान आने के बाद कमिंस की मुश्किल बढ़ गई है। उन पर कप्तानी छोड़ने का दबाव बढ़ गया है।

2018 में हुई इस घटना में स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को आरोपी मानकर सजा दी गई थी। स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर पर 12-12 महीने, जबकि बैनक्रॉफ्ट पर 9 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था।

'सिराज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने में

कोई हिंदू-मुस्लिम एंगल नहीं'

गौतम गंभीर और पृथ्वी शॉ के कोच का बयान



नई दिल्ली । *गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंडिया की प्लेइंग इलेवन से मोहम्मद सिराज को बाहर रखने के पीछे धार्मिक एंगल के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि टीम का चयन पूरी तरह से क्रिकेट की जरूरतों और कॉम्बिनेशन पर आधारित था। आईएएनएस से बात करते हुए भारद्वाज ने कहा, 'यह आरोप बेबुनियाद है। इंडियन क्रिकेट टीम में कोई हिंदू-मुस्लिम एंगल नहीं है। हर कोई इंडियन है और देश का प्रतिनिधित्व करता है। गौतम गंभीर ने हमेशा मोहम्मद सिराज का समर्थन किया है। अगर सिराज प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं हैं, तो यह पूरी तरह से टीम की जरूरतों की वजह से है। सिलेक्शन टीम के कॉम्बिनेशन, प्लेयर्स की पोजीशन और उनके परफॉर्मेंस पर निर्भर करता है। गंभीर किसी से निजी दुश्मनी नहीं रखते। उनकी प्राथमिकता सही कॉम्बिनेशन के साथ एक मजबूत टीम बनाना है। बीसीसीआई भी किसी भी हिंदू-मुस्लिम बंटवारे में न तो विश्वास करता है और न ही उसे बढ़ावा देता है। ऐसे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं।' क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के बचपन के कोच संतोष पिंगुलकर ने भी हिंदू-मुस्लिम एंगल को खारिज किया है। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'सिराज को टीम से बाहर रखने से जुड़ी जो चर्चा चल रही है, वो बेबुनियाद है। उन्हें वनडे में मौका दिया गया था। वह अभी भी टीम का हिस्सा हैं। उन्हें लेकर जो राजनीतिक बयान आ रहे हैं, वो गलत हैं। क्रिकेट में राजनीति की कोई जगह नहीं है।' दरअसल, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से वेलिंगटन में शुरू हुए टेस्ट मैच की भारतीय प्लेइंग इलेवन में मोहम्मद सिराज को शामिल नहीं किए जाने पर एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने सिराज को टीम में जगह न मिलने का कारण उनका नाम बताया है। मसूद ने कहा, 'उनका नाम सिराज है-क्या यही वजह काफी नहीं है? अगर वह अच्छा कर रहा है और फिर भी उसे नहीं चुना जा रहा है, तो इसके पीछे और क्या वजह हो सकती है? सिर्फ यही वजह हो सकती है, इसके अलावा कोई और वजह नहीं हो सकती।' सिराज, जो मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकिल में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्हें टीम से बाहर रखने की वजह से टीम की चयन रणनीति पर सवाल उठे हैं।*



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com